


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com   लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित   जन-जन की आवाज़





लखनऊ   वर्ष : 05 अंक : 68   सोमवार 20 अप्रैल 2026   बैशाख शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत 2083   पृष्ठ : 12   मूल्य : 05 रूपया


## ट्रंप की आखिरी चेतावनी: राष्ट्रपति बोले- डील मानो, वरना अंधेरे में डूबेगा ईरान

एजेंसी समाचार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे आक्रामक रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ईरान को सैन्य तबाही की चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने मौजूदा समझौते की शर्तों को स्वीकार नहीं किया, तो अमेरिका उसके तमाम पावर प्लांट और पुलों को जमींदोज कर देगा।

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज में गोलीबारी कर मौजूदा सीजफायर समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी हमलों का निशाना फ्रांस और ब्रिटेन के जहाज बने हैं। ट्रंप के मुताबिक, ईरान का यह कदम उसकी हताशा को दशार्ता है।

इस तनाव के बीच ट्रंप ने कूटनीतिक रास्ते का आखिरी विकल्प भी खुला रखा है। अमेरिकी प्रतिनिधियों का एक दल कल शाम पाकिस्तान की राजधानी इस्लाबाद पहुंच रहा है। वहां ईरान के साथ निर्णायक बातचीत होनी है। ट्रंप ने कहा कि यह ईरान के पास आखिरी मौका है।

ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा पर तंज कसते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नाकेबंदी ने उसे पहले ही बंद कर रखा है। इससे ईरान को रोजाना 50 करोड़ डॉलर का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के जहाज अब तेल और माल लोडिंग के लिए अमेरिका के टेक्सास, लुइसियाना और अलास्का के बंदरगाहों का रुख कर रहे हैं, जिससे अमेरिका को कोई नुकसान नहीं है।

ट्रंप ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि पिछले 47 वर्षों से जो काम किसी राष्ट्रपति ने नहीं किया, उसे अब वो अंजाम देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डील नहीं हुई, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा।



28 फरवरी को इस्राइल-यूएस की संयुक्त एयर स्ट्राइक शुरू हुई थी। 8 अप्रैल को दो हफ्ते की अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इसके बाद स्थायी समाधान ढूंढने के लिए इस्लामाबाद में वार्ता का आयोजन किया गया जो बेनतीजा रही। इसके बाद से दूसरे दौर के संवाद की चर्चा थी। आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई थी, लेकिन डॉन मीडिया आउटलेट ने पुलिस के हवाले से रविवार को बताया कि विदेशी डेलीगेशन के राजधानी आगमन को देखते हुए इस्लामाबाद का रेड जोन ट्रैफिक बंद कर दिया गया है।

## आसमान से बरसने लगी आग, झुलस रहे चेहरे; अस्पतालों में स्किन बर्न, लाल चकत्ते, डैंड्रफ के रोगी बढ़े

एजेंसी समचार

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में आसमान से बरस रही आग लोगों के चेहरे झुलसाने लगी है। जिला अस्पताल की ओपीडी से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, जहां स्किन बर्न, लालिमा, अधेड़ी, डैंड्रफ आदि के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों ने इन दिनों खास सतर्कता बरतने की अपील है।

जिले में पिछले एक सप्ताह से सूरज की तपिश बढ़ी है। सुबह 11 बजे तक ही तापमान 40 डिग्री पार कर रहा है। रोजी-रोटी के चक्कर में लोग बाहर निकलने को विवश हैं। ऊपर से शादी-विवाह का सीजन शुरू होने के कारण भी लोगों का घर से निकलना मजबूरी है। इस बीच जरा सी लापरवाही उन्हें बीमार कर रही है। हमारी टीम ने शनिवार को जिला अस्पताल की चर्म रोग ओपीडी का जायजा लिया तो तेज धूप का दुष्प्रभाव साफ दिखा।

वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. आरबी वर्मा ने बताया कि तेज धूप के कारण लोगों के चेहरे लाल हो रहे हैं। उन्हें अधेड़ी भी हो रही है। चेहरे व शरीर पर लाल दाने निकल रहे हैं। जांघों पर चकत्ते बन रहे हैं, जो बाद में दाद का रूप ले रहे हैं। सिर में पसीने के कारण डैंड्रफ का खतरा बढ़ा है।

## सीएम योगी बोले- सदियों तक आक्रमण झेल कर भी दृढ़ता से खड़ी है सनातन आस्था, जबकि आक्रांता मिट गए

एजेंसी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज ह्लयतो धर्मस्ततो जयःह्व के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने देखा है कि भारत की सनातन संस्कृति पर सदियों से हमले होते रहे, लेकिन हमलावर भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए। लगभग 1000 वर्ष पहले द्वादश ज्योतिलिंगों में देवाधिदेव महादेव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ भगवान के मंदिर पर विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के नेतृत्व में कायराना हमला किया गया।



आक्रांताओं ने भारत की धन-संपदा लूटी, मंदिरों को अपवित्र किया और सनातन आस्था पर प्रहार किया। लेकिन भारत के सनातन धर्म की अटूट आस्था भगवा पताका के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही। आज 1000 वर्ष बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी दृढ़ता से विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है, जबकि आक्रांताओं का कोई नामोनिशान इस धरती पर नहीं बचा है। यही है ह्लयतो धर्मस्ततो जयःह्व का शंखनाद। आक्रांताओं की बर्बरता जिसे रोक नहीं पाई, तोड़ नहीं पाई और झुका नहीं पाई, वही सनातन आस्था आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में हर भारतवासी की यह अभिलाषा थी कि देश को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाधीनता भी प्राप्त हो। इसके लिए लगातार प्रयास किए गए और अनेक स्वर उठाए गए। भारत माता के सपूत, भारत की अखंडता के शिल्पी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर की दुर्दशा देखकर संकल्प लिया था कि इस मंदिर का पूर्ण जीर्णोद्धार होगा और द्वादश ज्योतिलिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के मंदिर की गरिमामयी पुनर्स्थापना की जाएगी। लेकिन इस मार्ग में बाधक बने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू। उनकी इच्छा थी कि यह कार्य न हो, परंतु सरदार पटेल की दृढ़ संकल्प शक्ति के सामने नेहरू की नहीं चली। सरदार पटेल के प्रयासों से मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को आगे बढ़ाने के लिए आयोजन समिति ने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी को आमंत्रित किया। तभी कांग्रेस सरकार और पंडित जवाहरलाल नेहरू फिर बाधक बन गए।

उन्होंने लिखित रूप से कहा कि राष्ट्रपति को इस आयोजन में भाग नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह धर्मनिरपेक्षता की भावना के विपरीत होगा। एक ओर कांग्रेस की सरकार कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू कर तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर रही थी और आतंकवाद की नींव रख रही थी, वहीं दूसरी ओर सनातन आस्था के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विरोध कर रही थी।







# युवती ने फंदा लगाकर दी जान, सुसाइड नोट में प्रेमी को ठहराया जिम्मेदार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** किला छावनी क्षेत्र के फूलबाग में प्यार में मिले धोखे ने एक और जिंदगी लील ली। 20 वर्षीय युवती ने घर के भीतर फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे से मिला सुसाइड नोट चीख-चीखकर उसकी टूटती उम्मीदों और बिखरे सपनों की कहानी बयां कर रहा था। युवती ने अपनी मौत का जिम्मेदार सीधे तौर पर अपने प्रेमी को ठहराया है।



### चार साल का रिश्ता और आखिर में धोखा

पुलिस के मुताबिक, युवती का पड़ोसी अजय से करीब चार साल से प्रेम संबंध था। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि अजय ने शादी का वादा किया, सपने दिखाए, लेकिन वक्त आने पर मुकर गया। यही टूटन उसे इस कदर अंदर तक तोड़ गई कि उसने मौत को गले लगा लिया। रविवार को जब परिजनों ने कमरे में युवती को फंदे से लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें फांसी लगाकर आत्महत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने सुसाइड नोट को अहम साक्ष्य मानते हुए केस को आगे बढ़ाया।

### पिता की तहरीर पर मुकदमा, प्रेमी गिरफ्तार

मृतका के पिता ने आरोपी अजय और उसकी दो बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए अजय को किला नदी की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में अजय ने कहा कि वह युवती से प्रेम करता था, लेकिन उसके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी से उठा मासूम, 48 घंटे में बरामद

## 70 हजार में बेचने की साजिश फेल, पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में पांच अपहरणकर्ता गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी की सख्त मॉनिटरिंग और एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में इस्लामनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। शादी समारोह से अपहृत एक वर्षीय मासूम को पुलिस ने महज दो दिन में सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया है।

घटना के खुलासे के लिए एसएसपी के आदेश पर चार टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। संदिग्ध कार के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस आरोपियों तक पहुंची और उन्हें धर दबोचा।



### शादी समारोह से उठा ले गई महिला

घटना 16 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे की है। इस्लामनगर स्थित मोनार्क फार्म हाउस में विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान भूखन प्रजापति का एक वर्षीय पुत्र सौरभ कमरे में सो रहा था, जिसे एक महिला चुपचाप उठाकर ले गई। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि मुनेश नामक युवक अपनी रिश्तेदार खुशबू के साथ समारोह में आया था। खुशबू ने ही बच्चे का अपहरण किया और उसे आगरा ले जाया गया। वहां खुशबू और उसके मौसा दिनेश ने संतानहीन दंपति को 70 हजार रुपये में बच्चा बेचने की साजिश रची थी। इसके लिए 20 हजार रुपये एडवांस भी ले लिया गया था।

### आगरा से बरामद हुआ मासूम

पुलिस ने मुनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद टीम आगरा पहुंची। वहां सोनू के घर से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। मौके से सोनू की पत्नी बबली और उसकी रिश्तेदार पूजा भी मिलीं। पुलिस ने खुशबू, मुनेश, दिनेश, बबली और पूजा को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में बीएनएस की धारा 142/143(4)/3(5) जोड़ी गई हैं। मुख्य आरोपी मुनेश का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। मासूम के सकुशल मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# बरेली में सियासी बवाल, मुस्लिम महिलाओं का फूटा गुस्सा, पुतले फूंके

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के गिरने के बाद शहर में सियासी माहौल गरमा गया। रविवार को दामोदर स्वरूप पार्क में मुस्लिम महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं का गुस्सा साफ तौर पर नजर आया। तीन तलाक पीड़िता और आला हजरत वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष निदा खान के नेतृत्व में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं पार्क में एकत्रित हुईं। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश को खुलकर व्यक्त किया। महिलाओं का हक छीना नहीं जाएगा और विपक्ष जवाब दो जैसे नारे पूरे इलाके में गूंजते रहे।



### पुतला दहन कर जताया आक्रोश

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के पुतले फूंके। इस दौरान माहौल काफी गर्म रहा। महिलाओं का आरोप था कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल को गिराकर खासकर मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी देने का बड़ा माध्यम बन सकता था। निदा खान ने कहा कि महिला आरक्षण बिल देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे रोककर यह साबित कर दिया कि वे महिलाओं के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी और वे पीछे नहीं हटेंगी।

### पीएम मोदी के समर्थन में उतरीं महिलाएं

निदा खान ने साफ तौर पर कहा कि इस मुद्दे पर वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस दौरान कई अन्य महिलाओं ने भी सरकार के समर्थन में अपनी बात रखी। बरेली में हुए इस प्रदर्शन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सियासत और तेज हो सकती है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर और प्रदर्शन होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह विरोध अब बड़े राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनता नजर आ रहा है।

# बरेली में पारा 40 पार, अब 72 घंटे में और बढ़ेगी भीषण गर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में गर्मी ने अब तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को दिन का तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों को लू जैसे हालात का सामना करना पड़ा। चटक धूप और गर्म हवाओं ने दोपहर के समय सड़कों को सूना कर दिया। रविवार सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया।

शनिवार सुबह भले ही हवा में नमी का स्तर करीब 70 फीसदी रहा, जिससे गर्मी का असर कुछ कम महसूस हुआ, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद हालात बदल गए। नमी घटकर 40 फीसदी रह गई और धूप की तपिश ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। राहगीर छांव की तलाश में भटकते नजर आए, जबकि बाइक सवार धूल भरी हवाओं से बचने के लिए मुंह ढककर निकलते दिखे।

दिनभर की तपिश के बाद शाम पांच बजे के बाद मौसम कुछ नरम हुआ और लोगों को राहत मिली। न्यूनतम तापमान भी चार डिग्री बढ़कर 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे रात में भी गर्मी का असर बना रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के अनुसार, महाराष्ट्र में बने प्रति चक्रवात के असर से आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में दिन के तापमान में करीब दो डिग्री तक की और वृद्धि हो सकती है।



### 12 साल का रिकॉर्ड टूटने की आशंका

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सात दिनों में तापमान में करीब सात डिग्री का उछाल दर्ज हुआ है। 12 अप्रैल को जहां तापमान 34 डिग्री के आसपास था, वहीं 18 अप्रैल को यह 40 डिग्री पार कर गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तापमान में दो डिग्री और बढ़ोतरी होती है तो अप्रैल में गर्मी का 12 वर्षों पुराना रिकॉर्ड टूट सकता है। जिला अस्पताल के फिजिशियन के मुताबिक, तापमान 40 डिग्री पार पहुंचने पर डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने सलाह दी कि लोग भरपूर पानी पिएं, ओआरएस, नींबू पानी और छाछ का सेवन करें, दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें और हरी सब्जियों को आहार में शामिल करें।

# जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर ने नीम के पेड़ से लटककर दी जान

- 12 दिन पहले ही आया था घर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना कैंट क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में शनिवार रात एक हिस्ट्रीशीटर युवक का शव नीम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान रमेश (38) के रूप में हुई है, जो महज 12 दिन पहले ही सात साल की सजा काटकर जेल से घर लौटा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रेम सिंह शनिवार रात अपने खेत से भूसा लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान धर्मस्थल के पास नीम के पेड़ पर रस्सी से लटका एक शव दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो वह रमेश था। उन्होंने तुरंत गांव में सूचना दी। सूचना मिलते ही जसवीर सिंह समेत मृतक के भाई सुरेश, अजय और चंद्रपाल मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा।

परिजनों के मुताबिक रमेश शनिवार रात करीब आठ-नौ बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। इसके बाद वह कब घर से निकला और डेढ़ किलोमीटर दूर खेतों तक पहुंच गया, इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि वह दिन में उसी स्थान पर प्रसाद चढ़ाने भी गया था। परिजनों ने बताया कि रमेश पिछले कुछ दिनों से गुमसुम था और किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। वह अपनी मां से अक्सर कहता था कि अगर उसे दोबारा जेल जाना पड़ा तो वह सजा नहीं काट पाएगा। उसके व्यवहार में आए बदलाव को लेकर परिवार भी चिंतित था।

### आपराधिक इतिहास, हाल ही में छूटा था जेल से

रमेश कैंट थाने का हिस्ट्रीशीटर था और उस पर चोरी, 3/25 आर्म्स एक्ट और 307 जैसी गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज थे। उसे करीब सात साल की सजा हुई थी और वह सात अप्रैल को ही जेल से रिहा होकर घर आया था। वह अविवाहित था और छह भाइयों में एक था, जिनमें से एक भाई वीरपाल की पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# गंगा एक्सप्रेसवे तैयार, 29 से वाहनों की एंट्री

- पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ, बरेली से लखनऊ का सफर होगा आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे पर 29 अप्रैल से वाहन दौड़ने लगेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इसके शुरू होने के साथ ही मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज तक की दूरी काफी कम समय में तय हो सकेगी, वहीं बरेली से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

गंगा एक्सप्रेसवे का करीब 95 किलोमीटर लंबा हिस्सा बदायूं जिले से होकर गुजरता है। यहां दातागंज, बिनावर और बनकोटा के पास तीन प्रमुख इंटरचेंज बनाए गए हैं। इन इंटरचेंज के जरिए स्थानीय लोगों को सीधे एक्सप्रेसवे से जुड़ने की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे एक्सप्रेसवे पर हर 15 किलोमीटर के दायरे में पुलिस पिकेट तैनात की जाएगी। इसके साथ ही आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। आवारा पशुओं और अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए दोनों ओर तारबाड़ की व्यवस्था की गई है।



एक्सप्रेसवे की डिजाइन स्पीड 120 किमी प्रति घंटा तय की गई है। आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली के तहत पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। तेज गति से वाहन चलाने पर ऑटोमेटिक ऑनलाइन चालान भी होगा, जिससे यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। दातागंज, बिनावर और बनकोटा क्षेत्र में इसके लिए जमीन चिन्हित की गई है। सरकार का उद्देश्य इस कॉरिडोर के जरिए निवेश आकर्षित करना और रोजगार के नए अवसर पैदा करना है।

### फिलहाल सन्नाटा, अभी वाहनों की एंट्री पर रोक

अभी एक्सप्रेसवे पर आम वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई है। निर्माण कंपनी के कुछ वाहन ही नजर आ रहे हैं। बिनावर से बनकोटा और दातागंज तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में सन्नाटा देखा गया, हालांकि स्थानीय लोगों में संचालन को लेकर उत्साह बना हुआ है। एक्सप्रेसवे के बीच डिवाइडर और दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की योजना है। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ सफर को भी सुहावना बनाया जा सके।

### उद्घाटन से पहले होगा रन ट्रायल

पीएम के कार्यक्रम से पहले एक्सप्रेसवे पर रन ट्रायल किया जाएगा। जिन जिलों से यह एक्सप्रेसवे गुजर रहा है, वहां व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि संचालन के बाद कोई दिक्कत सामने न आए। डीएम अवनीश राय ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे पूरी तरह तैयार है। इसके शुरू होने से लोगों को बेहतर और तेज सफर की सुविधा मिलेगी, साथ ही सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

# बरेली से कानपुर के लिए जल्द दौड़ेगी नियमित ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लंबे समय से बरेली से कानपुर सेंट्रल के लिए सीधी और नियमित ट्रेन की मांग अब पूरी होती नजर आ रही है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी है और उम्मीद है कि वर्ष के अंत तक इस रूट पर नई नियमित गाड़ी का संचालन शुरू हो जाएगा। फिलहाल बरेली से कानपुर के बीच ट्रेनों की संख्या बेहद कम है। इस रूट पर केवल एक साप्ताहिक और एक द्विसाप्ताहिक ट्रेन ही उपलब्ध है। इनमें भी एक ट्रेन इन दिनों डायवर्ट होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कानपुर प्रदेश की प्रमुख औद्योगिक नगरी है, जहां बरेली और आसपास के जिलों के व्यापारियों का बड़ा जुड़ाव है। बावजूद इसके सीधी ट्रेन सेवा का अभाव लंबे समय से यात्रियों के लिए परेशानी बना हुआ है। मौजूदा समय में 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस (मंगलवार), 22445 कानपुर-अमृतसर एक्सप्रेस (सोमवार) और 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस (बुधवार व शुक्रवार) ही प्रमुख विकल्प हैं।



### मेगा ब्लॉक से और बढ़ी दिक्कत

कानपुर-लखनऊ रेलखंड पर चल रहे मेगा ब्लॉक के कारण 12469 कानपुर सेंट्रल-जम्मूतवी एक्सप्रेस को फिलहाल बरेली होकर नहीं चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। यह मुद्दा रेलवे यात्री सलाहकार समिति में भी उठाया जा चुका है। वहीं रेलवे अब इस समस्या के समाधान के लिए नई ट्रेन चलाने की दिशा में सक्रिय हो गया है। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा के मुताबिक पीलीभीत, मैलानी और बरेली होकर नई गाड़ी के संचालन पर विचार किया जा रहा है, जिससे कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

### दक्षिण भारत जाने वालों में भी बढ़ा रुझान

बरेली होकर चलने वाली लालकुआं-बंगलूरु विशेष ट्रेन को भी यात्रियों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। शनिवार को 05074 ट्रेन में इज्जतनगर, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन से कुल 377 टिकट बुक हुए। जिसमें इज्जतनगर 255, बरेली सिटी 46, बरेली जंक्शन 76, बदायूं 115 और कासगंज में 22 टिकट बुक हुए। इसके अलावा लालकुआं-बंगलूरु विशेष ट्रेन सप्ताह में एक-एक दिन संचालित हो रही है, लेकिन इसकी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रेलवे इसे नियमित करने की तैयारी में जुट गया है। बरेली से बंगलूरु के लिए हवाई सेवा भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है। 16 अप्रैल को 400 से अधिक यात्रियों ने इस रूट पर हवाई यात्रा की, जो बढ़ती मांग का संकेत है।

# सिलिंडर लीक से भड़की आग सामान बचाने में जिंदा जला मासूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन मार्ग स्थित शिवा धर्मकांटे के पास शनिवार रात एक कार वर्कशॉप में सिलिंडर से गैस लीक होने के बाद भीषण आग लग गई। आग बुझाने और शादी का सामान बचाने की कोशिश में 13 वर्षीय अजीत कुमार समेत चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान अजीत की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, महावीर के बेटे द्वारा संचालित एसके श्री श्याम मोटर वर्कशॉप में शनिवार रात घर की महिलाएं खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक सिलिंडर से गैस लीक होने लगी और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया।



बताया गया कि महावीर की बेटी विनीता की रविवार को लग्न और सोमवार को बारात आनी थी। शादी के लिए खरीदा गया बेड, श्रृंगारदान और सोफा समेत काफी सामान वर्कशॉप में रखा था। सामान को जलता देख महावीर, रजा हुसैन, अजीत और साहिल उसे बचाने के लिए आग में कूद पड़े, जिससे चारों गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को आनन-फानन में महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अजीत कुमार ने दम तोड़ दिया। अजीत वर्कशॉप में काम करता था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

### तीन सिलिंडरों से हो रही थी गैस लीक

स्थानीय लोगों के मुताबिक वर्कशॉप में रखे तीन सिलिंडरों से गैस लीक हो रही थी। परिजन जब स्थिति देखने पहुंचे, तभी आग ने विकराल रूप ले लिया। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ नीलेश मिश्रा और इंस्पेक्टर अरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## जिले में आज

- आंबेडकर पार्क में किसानों की पंचायत दोपहर 12 बजे
- भमरौआ मंदिर में भगवान शंकर की पूजा अर्चना सुबह 6 बजे

# 23,735 से अधिक गरीब परिवारों को मिली पक्की छत

- पीएम, सीएम आवास योजना का कमाल शहरी क्षेत्र में 23,313, ग्रामीण इलाकों में 422 आवास बनकर तैयार
- जिलाधिकारी की निगरानी से साकार हो रहा संकल्प

जागरण मोर्चा, कार्यालय


अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी।

**रामपुर।** दशकों से टूटे-फूटे कच्चे मकानों और तिरपाल के नीचे झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन गुजारने वाले रामपुर के हजारों गरीब परिवारों का अपने पक्के घर का सपना अब हकीकत में बदल चुका है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल निर्देशन और निरंतर मॉनिटरिंग के चलते जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण सफलता के नए आयाम गढ़ रही हैं। प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली का ही सुखद परिणाम है कि जिले में अब तक 23,735 से अधिक शहरी, ग्रामीण मिलाकर आवासों का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है।

डीएम की सख्त निगरानी के कारण बिचौलियों का खेल पूरी तरह खत्म हो गया है और योजना का सीधा लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगों तक पहुंच रहा है। वहीं, योजना 2.0 के तहत तेजी से काम करते हुए 3,646 लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसा पहुंचाया जा चुका है।

### डीएम की सख्त मॉनिटरिंग से आई पारदर्शिता और ग्रामीण इलाकों में बदलाव

ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों और खंड विकास अधिकारियों व ग्राम पंचायत सचिवों की जमीनी स्तर पर सघन मॉनिटरिंग के चलते जिले में कच्चे मकान अब समाप्ति की कगार पर हैं। ग्रामीण इलाकों के लिए शासन से 479 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके सापेक्ष 422 परिवारों का पक्के घर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस योजना के तहत विशेष रूप से 18 से 50 वर्ष की निराश्रित महिलाओं और दिव्यांग जनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। लाभार्थियों को 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में दी जा रही है। अधिकारियों की मुस्तैदी का ही परिणाम है कि जिले में एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया जहां लाभार्थी ने पैसा लेकर मकान न बनाया हो।

### पीएम आवास से संवर रहा शहरी गरीबों का जीवन

शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक बड़ा वरदान साबित हुई है। प्रभारी पीओ डूडा व डिप्टी कलेक्टर प्रतीत त्रिपाठी के अनुसार, शहरी क्षेत्र में कुल 23,893 आवास स्वीकृत किए गए थे। जिनमें से 23,313 लाभार्थियों ने अपने पक्के मकान का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इन लाभार्थियों को 2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तीन आसान किस्तों एक लाख, एक लाख और 50 हजार रुपये में सीधे उनके बैंक खातों में दी जा रही है। प्रशासन द्वारा उन गरीब परिवारों को विशेष रूप से लाभान्वित किया जा रहा है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, जिससे उनके जीवन में एक स्थायी और सकारात्मक बदलाव आया है। योजना को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आवास योजना 2.0 के तहत प्रशासन ने काम काफी तेज कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत 3,646 लोगों के बैंक खातों में धनराशि सफलतापूर्वक पहुंच चुकी है। इस त्वरित वित्तीय हस्तांतरण से लाभार्थियों ने बिना किसी देरी के अपने सपनों के आशियाने की नींव रखनी शुरू कर दी है।

## एक नजर


रहमान की गर्दन का फोटो।

### चीनी मांझे से युवक की कटी गर्दन

**रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी चीनी मांझे की बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चीनी मांझे की बरामदगी को लेकर अभियान तो कई बार चलाए जा रहे हैं। लेकिन पुलिस को चीनी मांझा नहीं मिल पाता है। जबकि शहर में इसका इस्तेमाल जोर-शोर से हो रहा है। पुलिस अभियान के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रही है जिससे लोगों की जान पर बन आ रही है। रविवार को अजीतपुर निवासी रहमान की गर्दन पर चीनी मांझे गिर गया। जिससे उसकी गर्दन पर खरोच आई है। रहमान फार्म वाली नहर से अजीतपुर की ओ जा रहा था। कि रास्ते में अचानक से गर्दन पर मांझा गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया।

# ट्रेनों में यात्रियों से लूटपाट करने वाला बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल

## एसपी रेलवे ने किया खुलासा,चार आरोपियों को कोर्ट में किया पेश गए जेल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को एसपी रेलवे ने जीआरपी थाने में खुलासा किया। उसके बाद सभी को कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए।

बता दें कि जिला उधम सिंह नगर के थाना दिनेशपुर के गांव जाफर पुर निवासी रितिक मंडल पुत्र अनिल मंडल अपने साथी साहिब सिंह के साथ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच संख्या डी-1 से रुद्रपुर सिटी से दिल्ली के लिए यात्रा कर रहे थे। रूद्रपुर सिटी व बिलासपुर रोड स्टेशन के बीच ट्रेन यात्रा के दौरान तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने आपको पुलिस बताकर यह कहते हुए कहा कि तुम दोनो तस्करी करते हैं। उनकी तलाशी लेने के बहाने उन्हें सीट से उठा कर यात्री डिब्बे के गेट पर ले गए। तमंचे के बल पर रितिक मण्डल व उसके साथी साहिब सिंह से 250000 रुपये व मोबाइल लूट लिये गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना जीआरपी 3 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पंजीकृत किया था। उसके बाद पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी।

उसी के चलते थाना जीआरपी व आरपीएफ पुलिस व सिविल पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा रविवार को 4.54 बजे मुखबिर खास की सूचना पर पुराने स्लीपर के चट्टे के पास रेलवे स्टेशन बिलासपुर पर आरोपी गौरव पुत्र बिल्लूराम निवासी ग्राम रम्पुरा थाना रूद्रपुर, गुरदेव उर्फ डेविड पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम ढयूडी थाना नानकमत्ता जिला उधमसिंहनगर, भारत पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रम्पुरा थाना रुद्रपुर 4. मिश्रा सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी थाना नानकमत्ता जिला उधमसिंहनगर उत्तराखंड को पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के बाद पुलिस पार्टी द्वारा, आत्मरक्षा में फायरिंग की गई। जिसमें आरोपी मिश्रा सिंह गोली लगने से घायल हुआ। जिसको उपचार के लिए बिलासपुर पुलिस द्वारा सीएचसी बिलासपुर में भेजा गया। प्रारम्भिक उपचार के पश्चात उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया।पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को माल के गिरफ्तार कर किया। उसके बाद एसपी रेलवे आशुतोष शुक्ला ने जीआरपी थाने में घटना का खुलासा किया। बताया कि पकड़े गए आरोपियों से कुल 138000 रुपये बरामद कर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए है।

### ट्रेन में नो बदमाशों ने घटना को दिया था अंजाम

एसपी रेलवे ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने में 9 आरोपियों के नाम सामने आए हैं। जिसमें से चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है जबकि पांच आरोपी फरार चल रहे हैं। उनके लिए भी लगातार टीमें दबिश दे रही है। जल्द ही उनको गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इस घटना के बाद से यात्रियों में खलबली मच गई थी।

# वारदाना न होने पर आढ़तियों को बेचा जा रहा गेहूं: हसीब


भाकियू की पंचायत को संबोधित करते प्रदेश महासचिव। -जागरण मोर्चा

- भाकियू की पंचायत में उठाया गया गेहूं खरीद का मुद्दा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भाकियू की पंचायत में गेहूं खरीद केंद्रों पर वारदाना की कमी का मुद्दा उठा। आरोप लगाया कि इसका फायदा उठाकर व्यापारी और आढ़ती किसानों का सस्ते में गेहूं खरीद रहे हैं।

प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने हज सफर पर जाने पहले अपने आवास पर पंचायत बुलाई। प्रदेश महासचिव ने कहा कि अभी तक सरकारी केंद्रों पर खरीद में तेजी नहीं आई है क्योंकि केंद्र प्रभारी वारदाना न होना बताकर किसानों का गेहूं नहीं तौल रहे हैं मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं व्यापारियों को सस्ते में बेचना पड़ रहा है। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि केंद्रों पर पर्याप्त वारदाना मुहैया कराया जाए। साथ ही प्रदेश महासचिव ने संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया। पंचायत में बाल किशोर पांडे, आनंद पांडे, अनमोल पांडे, संतराम सेठ, भगत सिंह, मोहम्मद तालिब, दरबारी लाल शर्मा, भजनलाल लोधी, मोहम्मद मुस्तकीम, संतराम लोधी, रामावतार, मास्टर लखन सिंह, चेतराम सिंह, नूर अहमद, अशोक सागर, हरिओम रवि आदि मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया 1 लाख रुपये मांगने का आरोप

**टांडा।** सरकथल निवासी महिला राममूर्ति ने शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिए गए प्रार्थना पत्र में वन विभाग के कर्मचारी अमित पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायतकर्ता महिला के अनुसार, उसकी भूमि गाटा संख्या 110 ग्राम सरकथल से संबंधित एक कुर्रेबंदी वाद में उप जिलाधिकारी टाण्डा तथा आयुक्त मुरादाबाद मंडल के फैसले उनके पक्ष में हैं। गाटा पर पुराना रास्ता रूक्मणी बालिका विद्यालय की ओर दोनों पक्षों का था, जिसमें उसे को खेत पर जाने के लिए टाण्डा-दढियाल-बाजपुर मार्ग की ओर हिस्सा दिया गया है।महिला ने अपने खेत तक पहुंचने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग की आराजी में 2 ट्राली मिट्टी डलवाई। इस पर वन विभाग के कर्मचारी अमित ने विरोध जताया, धमकाया और कहा कि आपकी 10,000 रुपये की सरकारी रसीद कटेगी। महिला ने डरकर 10,000 रुपये दे दिए। बाद में अमित ने 1,00,000 रुपये की और मांग की। जब महिला ने इनकार कर दिया तो कर्मचारी ने 10,000 रुपये लौटा दिए और वीडियो बना ली। अब वह महिला पर कानूनी कार्रवाई करने और अवैध रूप से 1 लाख रुपये की मांग करने की धमकी दे रहा है।शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि उन्होंने वन विभाग का कोई पेड़ या संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने कानूनी हक के तहत ही मिट्टी डाली थी ताकि खेत पर जा सकें।

# नमाज पढ़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में रोड पर नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई कर दी है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के धावनी हसनपुर निवासी नईम अहमद पुत्र अकील अहमद द्वारा थाना सिविल लाइन के शाहबाद गेट तिराहा पर सार्वजनिक रुप से सड़क के मध्य नमाज अदा कर यातायात बाधित करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई कर दी है।



# खेत में काम कर रहे किसान की सांप के डसने से मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई। तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द निवासी किसान सुंदर लाल (50) की शनिवार को सर्पदंश से मौत हो गई। सुबह खेत पर काम करते समय जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया था। परिजन करीब 10 घंटे बाद रात में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

शनिवार सुबह सुंदर लाल रोज की तरह खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। जहर के असर से वे बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। दोपहर 2 बजे तक घर न लौटने पर परिजन खाना-पानी लेकर खेत पहुंचे। सुंदरलाल को बेहोश देख वे घबरा गए और तुरंत घर ले आए। आसपास के डॉक्टरों को दिखाया, मगर हालत में सुधार नहीं हुआ। शाम को जब सुंदर लाल का शरीर नीला पड़ने लगा तो परिजनों को सर्पदंश का शक हुआ। इसके बाद रात करीब 10 बजे वे मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद सुंदरलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# मस्जिद में तोड़फोड़ मामले में युवती व उसका भाई गिरफ्तार

- युवती का अपने रिश्तेदारों से चला आ रहा विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में मस्जिद में तोड़ फोड़ करने के आरोपी।

**धमोरा।** शहजादनगर में स्थित एक मस्जिद में घुसकर युवती और उसके भाई ने तोड़ फोड़ कर दी। जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद पुलिस दोनों को पकड़ने के बाद थाने ले आई। जहां कार्रवाई कर दी है।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के दबका गांव से जुड़ा है। बताया जा रहा है। कि चमरौआ गांव की ही रहने वाली युवती हलीमा उर्फ यशोदा पुत्री वहिद ने अपने एक मुंह बोले भाई अजीम पुत्र इकराम गंज थाना क्षेत्र के बजरिया कड़ू ऊंची चौपाल निवासी के साथ पहुंचकर दबका गांव की मस्जिद पहुंच गई। जिसके बाद मस्जिद में युवती ने तोड़फोड़ कर दी और हंगामा करते हुए मस्जिद में रखी क़ुरआन ए पाक को आग के हवाले करते हुए मस्जिद की चटाई और अन्य सामान में आग लगा दी। जिसके चलते हंगामे की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए।जिसके बाद मस्जिद के मौलवी ने इस बात का विरोध किया तो युवती ने मस्जिद के इमाम पर जान से मारने की नियत से मारपीट पर हावी हो गई।अभद्र भाषाओं का प्रयोग करने लगी। घंटों चले इस ड्रामे के बाद सूचना पर शहजादनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जिसके संबंध में पुलिस ने युवती हलीमा उर्फ यशोदा व उसके मुंह बोले भाई अजीम को मौके से गिरफ्तार कर लिया।साथ ही मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।बताया जाता है कि युवती का अपने रिश्तेदारों से विवाद चला आ रहा है।

**मुशायरा** पॉपुलर मेरठी ने पढ़ा ए खुदा फटा नेकर भी अब्दुल्ला को दे-दे तू

# खान जोड़ा नाम में और खानदानी हो गए: बिलाल सहारनपुरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



किले के मैदान में कार्यक्रम में मौजूद लोग व संजय सिंह को सम्मानित करते लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** रामपुर की अदबी फ़िज़ा ने एक बार फिर अपनी रौनके बिखेरीं। तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी की ओर से किले के मैदान में ऑल इंडिया मुशायरे का एहतिमाम किया गया।

मुशायरे में मुल्क के नामवर और मक़बूल शायरों ने शिरकत कर के अपनी गज़लों और अशआर से समां बांध दिया। जिनमें पॉपुलर मेरठी,अबरार काशिफ, अज़हर इनायती, चरन सिंह बशर, बिलाल सहारनपुरी, शहज़ादा गुलरेज़, चराग शर्मा, रिक़ अदा, निकहत अमरोहवी, नईम नजमी, शकील गौस और ज़िया इनायती शामिल रहे। वहीं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि और सदर-ए-मुशायरा के तौर पर अपनी मौजूदगी से महफ़िल की शान बढ़ाई।

मुशायरे में पेश किए अशआर ने जहां अवाम को सोचने पर मजबूर किया, वहीं महफ़िल में वाह-वाह और तालियों की गूंज देर तक सुनाई देती रही। बिलाल सहारनपुरी ने पढ़ाइस तरह बदला है कुछ लोगों ने शजरे को यहां,खान जोड़ा नाम में और खानदानी हो गए,इस खास शेर ने खास तौर पर खूब दाद बटोरी। पॉपुलर मेरठी ने पढ़ा "फटा नेकर भी अब्दुल्ला को दे-दे तू" अबरार काशिफ ने पढ़ा "इस पर किताब-ए-हिदायत भी दी,नबी भी उतारे शरीअ'त भी दी, गरज़ कि सभी कुछ है तेरे लिए, बता क्या किया तू ने मेरे लिए अजहर इनायती ने पढ़ा "किसी के ऐब छुपाना सवाब है लेकिन, कभी कभी कोई पर्दा उठाना पड़ता है।इन अशआर ने महफ़िल को बुलंदी पर पहुंचाया और हर शायर ने अपने अंदाज़-ए-बयान से सामाईन के दिलों को जीत लिया। मुशायरे की निज़ामत अबरार काशिफ ने बेहद ख़ूबसूरत अंदाज़ में अंजाम दी, जबकि इसके कन्वीनर तारिफ नियाज़ी रहे।आखिर में आयोजक फैसल खां लाला ने तमाम शायरों और अवाम का दिली शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि रामपुर की सरज़मीं पर अदब की ये महफ़िल एक नई रिवायत क़ायम करेगी। वहीं तमाम शायरों ने इस मुशायरे को रामपुर की अदबी तारीख़ का एक यादगार और कामयाब इवेंट क़रार दिया और कहा कि इस महफ़िल को आने वाली नस्लें याद रखेंगी। इस मौके पर सांसद राज्यसभा संजय सिंह भी मौजूद रहे।

# फहद रहमानी की 10 वीं कक्षा पास करने की खुशी में शिक्षक गोष्ठी आयोजित


छात्र को मिठाई खिलाते शिक्षक एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

**टांडा।** रविवार को नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी स्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद रहमानी के आवास पर उनके पौत्र डॉक्टर असद रहमानी के बेटे फहद रहमानी की 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने की खुशी में एक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर फहद रहमानी को बधाई दी। सईद रहमानी,लईक सैफी, डॉक्टर राकेश वर्मा, मौलाना सादिक,ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर,मोहम्मद सईद सागर,हाजी नफीस, मोहम्मद वसी,मोहम्मद तस्लीम,गोहर अली, नफासत अली,अब्दुल रऊफ एडवोकेट, डॉक्टर अम्माद रहमानी, निहाद रहमानी प्रधानाचार्य सनराइज इंटर कॉलेज,नवेद रहमानी, सनराइज इंटर कॉलेजजावेद रहमानी आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### ब्राह्मण महासभा ने पूजन कर मनाई परशुराम जयंती

**मिलक।** रविवार को भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्राचीन मां काली मंदिर प्रांगण मौहल्ला रौरा खुर्द मिलक में ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास शुक्ला के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम का विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर डॉ. विकास शुक्ला ने भगवान श्री परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान श्री परशुराम जी श्री हरि विष्णु जी के अवतार हैं जिन्होंने सदैव धर्म की रक्षा कर आक्रांताओं का वध करके धर्म की संस्थापना की ।पंडित मुकेश कौशिक ने श्री परशुराम चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात आरती भोग, एवं प्रसाद वितरण किया गया। संचालन पंडित नवीन कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में परशुराम युवा मंच अध्यक्ष पंडित ब्रजेश कुमार शर्मा, ब्राह्मण सभा उपाध्यक्ष पंडित राम कुमार शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष गीता शर्मा, अनन्या देवी उर्मिला देवी, वंदना शर्मा, पंडित उमेश शर्मा, पंडित विकास वशिष्ठ, सूर्य प्रकाश शर्मा, अलंकार शर्मा, मुनेंद्र शर्मा सहित विप्र बंधुओं ने सहभागिता की।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक रैली

## बाइक रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर सिविल लाइन्स होते हुए गांधी समाधि पहुंची



बाइक रैली में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हवन में आहुति देते भक्त। -जागरण मोर्चा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में रविवार को बाइक रैली (शौर्य यात्रा) का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। चारों ओर भगवा रंग दिखाई दे रहा था।

कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला मैदान में भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए की गई। उपस्थित विप्र बंधुओं एवं धर्मप्रेमी जनों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके बाद बाइक रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर सिविल लाइन्स होते हुए गांधी समाधि होते हुए शाहबाद गेट होते हुए पुराने आवास विकास पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।पूरे मार्ग में जय श्री परशुराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ।साथ ही सभी ने समाज की एकता, संगठन एवं उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया ।अनेको जगह पर अन्य सामाजिक संस्थाओं ने यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा एवं पटाखों के साथ किया ।कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने सहभागिता की। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के मौके पर अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर यज्ञ किया। अनेकों भक्तों को साथ लेकर पूजा अर्चना करते हुए यज्ञ में आहुतियां दी ।पूजन में पंडित सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज, मुकेश कुमार, रावत मौजूद रहे।

# तेंदुए के खौफ से गांव में लगा पिंजरा

- **कुंदनपुर के जंगल में वन विभाग की कार्रवाई पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मसवासी।** क्षेत्र के कुंदनपुर जंगलों में तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हालात यह हैं कि खेतों की राह अब लोगों को डराने लगी है। इसी बीच वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा तो लगाया, लेकिन उसकी लोकेशन को लेकर गांव में असंतोष फैल गया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीमपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। खेतों में काम करने पहुंचे मजदूरों ने जब कुत्ते के अवशेष देखे तो इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के पैरों के निशान तलाशे ।रविवार को विभागीय टीम ने कुंदनपुर स्थित परमजीत के फार्म हाउस के नजदीक पिंजरा लगाकर उसमें बकरी को बांध दिया, ताकि तेंदुए को आकर्षित कर पकड़ा जा सके। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर तेंदुए ने शिकार किया था, वहां पिंजरा न लगाकर दूसरी जगह लगाया गया है, जिससे इस कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं ।गांव में दहशत का आलम यह है कि किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं।



कुंदनपुर जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाती वन विभाग की टीम।

महिलाएं व बच्चे घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि केवल औपचारिक कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि तेंदुए को पकड़ने के लिए ठोस और रणनीतिक कदम उठाने होंगे।

स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए की लोकेशन के आधार पर सटीक स्थानों पर पिंजरे लगाए जाएं और लगातार गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए।

# सड़क पार कर रहे तेंदुए को वाहन ने रौंदा, मौत

- **मसवासी क्षेत्र में दहशत, वन विभाग ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मसवासी।** टांडा-बाजपुर मार्ग पर रविवार सुबह एक तेंदुए की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मार्ग पर मरा पड़ा तेंदुआ व खड़े पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब पांच बजे एक तेंदुआ जंगल से निकलकर दढ़ियाल के पास टांडा-बाजपुर मार्ग पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई ।घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन रेंजर सहित विभागीय टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर सील कर दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए पीपली जंगल भेजा गया ।गौरतलब है कि मसवासी और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुओं की गतिविधियां बढ़ी हुई है। जिससे ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल है।

शनिवार सुबह भी कुंदनपुर और धर्मपुर उत्तरी के जंगलों में तेंदुए द्वारा कुत्तों का शिकार किए जाने की घटनाएं सामने आई थीं ।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार तेंदुए की मौजूदगी के बावजूद वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है।

# सेवा फार्मेसी ने ज्वाला क्लब को 26 रनों से हराकर जीती ट्रॉफी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** ज्वाला क्लब के मैदान पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सेवा फार्मेसी वर्सेस ज्वाला क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सेवा फार्मेसी के कप्तान ने तो जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेवा फार्मेसी ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 182 रन बनाएं।

जिसमें रवि चावला ने 50 रन और आर्यन चौधरी ने 44 रन बनाए। वहीं ज्वाला क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए पवन यादव ने तीन विकेट और नरेंद्र ने एक विकेट लिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ज्वाला क्लब की पूरी टीम 156 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह से फाइनल मुकाबला सेवा फार्मेसी ने 26 रनों से जीता। ट्रॉफी पर कब्जा किया। ज्वाला क्लब की ओर से हरिओम यादव ने 35 रन और रोहित ने भी 35 रनों का योगदान दिया।



विजयी टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

वही सेवा फार्मेसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए शाहनवाज राणा ने तीन विकेट और शिव सिंह ने दो विकेट लिए। मैच में मुख्य अतिथि अर्जित सक्सेना और ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन की कमेटी रही। साथ में नगर अध्यक्ष अनु सक्सेना,देवेश गुप्ता ,चौकी इंचार्ज सत्येंद्र शर्मा आदि रहे। साथ में कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, संजय, अमित सक्सेना, सिम्मी, ठाकुर अमित सिंह, विक्की सक्सेना अनु गंगवार उदयवीर आदि मौजूद रहे।

### 29 को होगा चुनाव

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन ऐलान हुआ है ।सभी ब्लॉक इकाइयों के चुनाव नवंबर,दिसम्बर वर्ष 2025 में ही संपन्न हो चुके हैं। अब जनपद रामपुर का त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न होना है जिसके लिए मंडल अध्यक्ष राजबहादुर,मंडल महामंत्री हिरेंद्र कुमार ने जिला अध्यक्ष अमीर जहां तुर्की को जनपद सम्भल चुनाव अधिकारी एवं दीपक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सुभाषचंद्र सिंह को संयुक्त मंत्री मण्डल मुरादाबाद को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।



# प्रेम प्रसंग में मारपीट, प्रेमी युगल को घर से निकाला

- **टांडा पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट,जांच शुरु**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** कोतवाली टांडा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके प्रेमी अरमान निवासी हमीरपुर मझरा मिलक दायमगंज के साथ आपसी सहमति से निकाह करने का मामला परिवार वालों के विरोध के कारण बिगड़ गया।

युवती के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था और अरमान ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे। अरमान निकाह करने को तैयार था। 17 अप्रैल को अरमान युवती को अपने घर ले गया, लेकिन अरमान के भाई नासिर और शाहनवाज ने दोनों के साथ मारपीट की और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया ।पीड़िता ने बताया कि दोनों पूर्ण रूप से वयस्क हैं और आपसी मर्जी से निकाह करना चाहते हैं। उसने 112 पर भी सूचना दी थी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और बयान लेकर चली गई। आरोप है कि नासिर और शाहनवाज निकाह नहीं होने दे रहे हैं तथा युवती और अरमान के साथ मारपीट कर दोनों को घर से निकाल दिया ।युवती ने बताया कि उसके पिता के घर से अरमान के घर निकाह के लिए आने के कारण समाज में उसकी बदनामी हो गई है और वह केवल अरमान से ही निकाह करना चाहती है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




# एसपी ने मिलक में की पैदल गश्त

**रामपुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा चौकी रेवडी कलां थाना मिलक का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर में बने आवास, निर्माणाधीन मन्दिर एवं परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । इस दौरान क्षेत्राधिकारी, मिलक मौजूद रहे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी, मिलक के साथ अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने के दृष्टिगत थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों एवं बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई।



चौकी का निरीक्षण करते एसपी।

### पॉलिटेक्निक में 30 तक करें प्रवेश

**रामपुर।** जिले में पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया चल रहा है। प्रवेश के लिए 900 आवेदन जमा हो चुके हैं अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि 586 सीटों के अब तक 900 आवेदन आ चुके हैं,जबकि पिछले वर्ष 2300 आवेदन आए थे। बताया कि कई अभ्यर्थी अंतिम तिथि के आसपास ही आवेदन करते हैं। जिससे अचानक संख्या बढ़ जाती है। इसलिए छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

### मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना आवेदन आमंत्रित

**रामपुर।** जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को माटीकला कुम्हारी से संबंधित व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। माटीकला विभाग द्वारा मिट्टी से बने विभिन्न उत्पादों में जैसे खिलौने, घरेलू उपयोग की वस्तुएं घड़ा, सुराही, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, कप-प्लेट आदि भवन निर्माण सामग्री (फ्लोर टाइल्स, रूफ टाइल्स, वॉश बेसिन) तथा सजावटी सामग्री गुलदस्ता, गमला, लैंप निर्माण के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। परियोजना लागत में कार्यशील पूंजी को छोड़कर पूंजीगत ऋण पर राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी अनुदान सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

**रहें सावधान** रविवार को भी डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 30 नए रोगी

# तेजी से बढ़ रहा डायरिया का ग्राफ

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** जिले में डायरिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य महकमा डायरिया को लेकर अलर्ट है। लेकिन डायरिया के मरीज कम नहीं हो रहे हैं। इस दौरान जिला अस्पताल में बने डायरिया वार्ड के सभी बेड फुल हो गए है। इसके अलावा डायरिया के मरीजों का मिलने पर सिलसिला लगातार जारी है। स्थिति यह हो गई हर रोज तीनों शिफ्टों में 90 रोगी वार्ड में भर्ती हो रहे हैं।

इसके अलावा प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी यही हाल है। यहां पर भी चिकित्सक को दिखाने के लिए परामर्श ले रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक रोगियों को सलाह दे रहे हैं।



जिला अस्पताल में डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। -जागरण मोर्चा

खानपान पर विशेष रूप से ध्यान दें, हो सके तो बाहर के खाने से परहेज जरूर करें। जिला अस्पताल में शनिवार रात 12 से रविवार की दोपहर 1 बजे तक 30 नए रोगी भर्ती हुए हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान, पानी उबालकर पीएं और बाहर का भोजन का सेवन न करें।

भारी मात्रा में पानी का इस्तेमाल अधिक करें।

# जनगणना 2027 का पहला प्रशिक्षण नेहरू इंका में आज

## पालिका प्रशासन ने लगाई कर्मियों की लगाई अलग-अलग ड्यूटी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनगणना 2027 का पहला प्रशिक्षण नेहरू इंटर कॉलेज के कक्ष नंबर 1 में व्यवस्थापक के रूप में नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन और सहायक कर्मचारी बंटी, रफी की तैनाती की गई है। जनगणना को लेकर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। जनगणना को लेकर कर्मचारियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है।

जनगणना प्रशिक्षण 20 से 30 अप्रैल तक आयोजित रहेंगे। प्रशिक्षण में राजस्व निरीक्षक फखरूल हसन,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक



डॉ.अविनाश कुमार, राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, जलकल अभियंता मूलचंद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारिकानाथ, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक अभय यादव, कार्यवाहक कर अधीक्षक शमीम अहमद, सहायक अभियंता उमेश बाबू, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, फखरूल हसन, डॉ.अविनाश कुमार, संजीव कुमार और मूलचंद चौहान को व्यवस्थापक के रूप में तैनात किया है। इसके अलावा सहायक कर्मचारियों में बंटी, रफी, मुअज्जम, वसीम अहमद, नितिन, मनोज कुमार, जुनैद, अरुण डिसूजा, राशिद, कमल अंबेडकर को तैनात किया गया है।

### जनपद में है 11 नगर निकाय

जनपद में 11 नगर निकाय हैं। जिसमें नगर पालिका परिषद रामपुर, स्वार, टांडा, बिलासपुर, मिलक, मसवासी, नरपतनगर, केमरी, शाहबाद, सैफनी, दढ़ियाल शामिल है। समस्त निकायों के प्रशासन ने अलग-अलग व्यवस्थापक और सहायक कर्मचारियों की प्रशिक्षण की ड्यूटी लगाई गई है।

### यहां पर होंगे प्रशिक्षण

नेहरू नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, दयावती मोदी एकेडमी, नगर पालिका परिषद सभागार में तिथिवार प्रशिक्षण आयोजित होंगे। इसको लेकर पालिका के ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2026 की जनगणना के प्रशिक्षण को लेकर व्यवस्थापक, सहायक कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण का समय पूर्वाह्न 9 :30 से अपरान्ह 5 :30 बजे निर्धारित है।

## शाहबाद में चार हाफिजों की हुई दस्तारबंदी



**शाहबाद।** नगर स्थित मदरसा अहले सुन्नत फैज़ुल उलूम, जैतोली रोड में एक शानदार सालाना प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मदरसे में पढ़ने वाले चार बच्चे हाफिज ए कुरान बने इन चारों हाफिजों की दस्तार बंदी की गई जिन हाफिजों की दस्तार बंदी की गई उनमें हाफ़िज़ फाजिल इब्ने मुस्तार, पाकबाड़ा हाफ़िज़ इमरान इब्ने अब्दुल क़ादिर, मंडेयान बदे

हाफ़िज़ समीर इब्ने खुश मोहम्मद,खुर्द बरेली हाफ़िज़ सलमान, वली मोहम्मद, अलावपुर,सम्भल शामिल रहे। इस मौके पर बरेली से आए हुज़ूर एहसान मियां ने जलसे को मुखातिब करते हुए एक हाफिज की अहमियत को बयान करते हुए बताया कि एक ने हाफिज अपने मां बाप की मगफिरत का जरिया बनता है। इसके अलावा ग़ुलाम गौस रिजवी मौलाना वसीम,मुफ़्ती अहमद रज़ा मज़हरी इमरान हनफ़ी ने जलसे को मुखातिब किया। मदरसे का संचालन क़ारी साजिद साहब द्वारा किया जा रहा है।मदरसे की कमेटी मे जकी अहमद,निसार अहमद,गुलाब अहमद इसरार हुसैन,मोहसिन शामिल है कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और हाफ़िज़ बच्चों को दुआओं से नवाज़ा।

## सार संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**रामपुर।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा मे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की कक्षा दो की बालिका द्वारा नारी शक्ति को रानी लक्ष्मी बाई के रूप में प्रदर्शित किया। बलिकाओं द्वारा शून्य निवेश नवाचार खेल जैसे मेढक की तरह दौड़कर गोलाकार में ग्लास रखना,बालिकाओं ने बड़े ही उत्साह पूर्ण तरीके से इस खेल में प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यपिका रेनू सिंह ने बताया कि खेलों के आयोजन से बच्चे विद्यालय के प्रति आने के लिए तैयार रहते हैं।खेल वार्म अप गतिविधि के रूप में कार्य करता है। बच्चों में उत्साह पैदा होता है। इस अवसर पर श्रष्टि खोखर, नीलम राणा, प्रिया सिंह, कमलेश, गायत्री, सुनहरी, सुषमा, माया आदि उपस्थित रहे।

## हादसा:कार और ट्रैक्टर में टक्कर,एक घायल, रेफर

**शाहबाद।** शनिवार देर रात राणा शुगर मिल के पास एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर और कार की भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कार में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।जानकारी के अनुसार, जिला बरेली के सिरौली निवासी गुड्डू, राज, सतेंद्र, नीलम, खुशी और भावना कार में सवार होकर किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। राणा शुगर मिल के पास पहुंचते ही उनकी कार आगे चल रहे एक ट्रैक्टर से पीछे से टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया।सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। गुड्डू की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार में सवार अन्य लोगों को हल्की चोटें आई थीं, जिनका घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार किया गया।

## ख्याली का दिखा चांद

**रामपुर।** इस्लामी कैलेंडर के हिसाब से ख्याली के चांद का दीदार हो गया है। चांद की पहली तारीख की शुरूआत बरोज इतवार से हुई। शहर ए काजी अनस मियां ने इसका एलान किया है। इसकी बात की जानकारी जामा मस्जिद की सेकेट्री मुर्करम रजा खां इनायती ने दी।



अनस मियां,शहर ए काजी।

## अक्षय तृतीया पर लोगों ने खरीदे सोने-चांदी के आभूषण

- जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार में लगी रही लोगों की भीड़

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अक्षय तृतीया पर लोगों ने सोने-चांदी के आभूषण खरीदे। जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार, सिविल लाइंस, ज्वालानगर और पुराना गंज की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। अक्षय तृतीय पर खासतौर लोग सोना-चांदी जरूर खरीदते हैं क्योंकि इसको शुभ माना जाता है। वह चाहे थोड़ा सा क्यों न हो। परंपरा को बरकरार रखने के लिए लोगों ने दुकानों की ओर रुख किया।



सिविल लाइंस स्थित दुकान पर ज्वेलरी खरीदती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

धार्मिक मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया को खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन किया गया निवेश और शुभ कार्य अक्षय फल देने वाला होता है। इसी विश्वास के चलते लोग इस दिन आभूषण, बर्तन व अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। इस बार भी बाजार में उसी उत्साह की झलक दिखी, लेकिन महंगाई का असर साफ नजर आया। साहूकारा सर्राफा कमेटी के जिलाध्यक्ष संजय पाठक ने बताया कि सुबह शुभ मुहूर्त के दौरान ग्राहकों का आना शुरू हुआ।

कई लोग पारंपरिक रूप से सोना-चांदी खरीदने पहुंचे। लेकिन ऊंचे दाम के चलते छोटे आभूषण या हल्के डिजाइन की मांग अधिक रही। बताया कि जैसा कि दुकानों पर भीड़ लगती थी। वह अब देखने को नहीं मिल रही। क्योंकि इसकी वजह है रेटों का बढ़ाना। हालांकि लोगों ने परपंरा को बरकरार रखते हुए सोना-चांदी देखा।

## पुराने टायरों, खाली ड्रमों में जमा न होने दें पानी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चमरौआ के गांव सिकरौल का निरीक्षण किया। जहां टीम ने मच्छर से बचाव के उपाए बताए। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि मच्छर से काटने से कई बीमारियां फैलती है। जिसमें मलेरिया, डेंगू शामिल है।

जैसे-जैसे तापमान में बदलाव आता है मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ने लगता है। मच्छर साफ ठहरे पानी में पनपते हैं। घरों के आसपास, छतों पर रखे पुराने टायर, टूटे-फूटे बर्तन और खाली ड्रमों में पानी जमा न होने दें। इसलिए कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होने दें।



चमरौआ के गांव सिकरौल में महिला को जानकारी सहायक मलेरिया अधिकारी।

प्रत्येक सप्ताह कूली फ्रिज के पीछे की ओर की लगी ट्रे में जो पानी होता है। उसे निकालकर धो-पोछकर और सूखाकर ही प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। कहा कि सोते समय मच्छरदानी का अवश्य प्रयोग करें। यदि किसी को तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में जकड़न या शरीर पर चकत्ते दिखाई दें तो इसे सामान्य बुखार समझकर नजरअंदाज न करें। ऐसे लक्षणों की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, शंकर सिंह, आशा सुषमा आदि मौजूद रहे।

## जनपद में विशेष टीकाकरण 10 दिवसीय अभियान आज से

- डिप्थीरिया के बढ़ते मामले को लेकर होगा अभियान संचालित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए जनपद के समस्त ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान आज से शुरू हो रहा है जोकि 20 से 30 अप्रैल तक संचालित रहेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-1 के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, 10 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-4 एवं 5 के बच्चों को टीडी-10 तथा 16 वर्ष आयु वर्ग संभावित कक्षा-10 एवं 11 के बच्चों को टीडी-16 की अतिरिक्त डोज लगेगी। टीकाकरण अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 एवं 30 अप्रैल सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्रों को छोड़कर आयोजित किया जाएगा।

## किसानों ने पंचायत में उठाई समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता यूनिट के सभी पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी कामरान शाह खान की अध्यक्षता में ग्राम केसरपुर तहसील सदर में ग्राम सभा अध्यक्ष शाकिर अली के प्रतिष्ठान पर एकत्रित हुए। जहां पर एक किसान पंचायत का आयोजन किया।

इस मौके पर वक्ताओं द्वारा बे मौसम हुई बरसात से किसानों की फसलों के हुए नुकसान व बैंकों द्वारा किसानों का फसली बीमा होने के बावजूद भी किसानों की फसलों का सर्वे आदि न कर कर किसी तरह का कोई मुआवजा न दिया जाना है। सरकार द्वारा भी किसानों को कोई मुआवजा न दिया जाना,व छुट्टा आवारा पशुओं द्वारा



पंचायत को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

किसानों की फसलों की बर्बादी हो रही है। इसके संबंध में शीघ्र ही एक पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी व जनपद के सभी उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। ताकि किसानों की इन तमाम समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाए। यदि किसानों की समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं होता है।तब भारतीय किसान यूनियन अंबावत बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगी। इसके अतिरिक्त इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई कि कुछ लोग जनपद में हरी टोपी लगाकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के फर्जी जिलाध्यक्ष व अन्य पदों पर अपने आप को आसीन बताते हुए अपनी राजनीति चमकाने व अपने निजी स्वार्थ के लिए जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी के पास ज्ञापन दे रहे हैं। यह लोग ना ही भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन के सदस्य हैं । इनके द्वारा दिए गए सभी ज्ञापन व अन्य विचारों का भारतीय किसान यूनियन अंबावता यूनिट पूरी तरह से खंडन करता हैं। कामरान शाह खान,सरदार गुरमेल सिंह, शाह आलम खान, परवेज खान, गुड्डू खान, शाकिर अली, नदीम मियां,आरिफ खान, नसीम मियां,जमीर मियां,अफसर अली, शकील अहमद मौजूद रहे।

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान

- महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के मार्गदर्शन में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को समाप्त करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को बाल विवाह से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन एवं 112 आपातकालीन सेवा पर संपर्क करें। साथ ही सभी को बाल विवाह रोकने एवं इसकी सूचना संबंधित टोल फ्री नंबरों पर देने की शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अनदेखी** बुधवार को लगने वाले लहसुन के बाजार की वजह से जाम के झाम से नगर वासी परेशान

## जाम के जाल में जकड़ा मसवासी, हर दिन बन रहा सजा का सफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** सड़कों पर इन दिनों चलना नहीं, बल्कि जूझना पड़ रहा है। नगर लगातार जाम के ऐसे दलदल में धंस चुका है, जहां हर गुजरता दिन लोगों के लिए नई मुसीबत बनकर सामने आ रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि चंद मिनट का रास्ता तय करने में घंटों लग रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी हालात को और भयावह बना रही है।

दिन चढ़ते ही मुख्य बाजार में सड़क पर लगने वाला लहसुन बाजार पूरे सिस्टम को ठप कर देता है। सड़क के बीचों-बीच सजी दुकानों और ठेलों के आगे वाहन क्या, पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बुधवार के दिन लगने



मसवासी के मुख्य मार्ग पर बुधवार को जाम में फंसे लोग। -जागरण मोर्चा

वाला यह बाजार अब व्यवस्था पर सवाल बन चुका है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। शाम ढलते ही हालात और विकराल रूप ले लेते हैं। खनन से जुड़े भारी वाहनों की अंतहीन कतारें सड़कों पर उतरती हैं और पूरा नगर जाम के शिकंजे में कस जाता है। खनन की रफ्तार और भीड़ के बीच फंसे लोग बेबस नजर आते हैं। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।और स्कूली बच्चे भी फस जाते हैं। नगर पंचायत चेयरमैन दिनेश गोयल ने खुलकर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, पत्राचार भी हुआ, लेकिन नतीजा सिफर रहा। उनकी मानें तो लापरवाही की कीमत सीधे-सीधे आम जनता चुका रही है।अब नगरवासियों का धैर्य जवाब देने लगा है। लोगों में साफ आक्रोश है और उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस जाम के दानव पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हालात और भी विस्फोटक हो सकते हैं। मसवासी की जनता ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि इस गंभीर समस्या को तत्काल संज्ञान में लेकर कड़े और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि जाम के इस नरक से छुटकारा मिल सके और नगर की रफ्तार फिर से पटरी पर लौट सके।

## कांग्रेसियों ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव का रविवार को मिलक के क्योंरार जीरो पॉइंट पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस देश की सभी जातियों का सम्मान करती है और सभी को साथ लेकर चलती है। इसी से देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा पिछड़ी जातियों का निरादर किया है। डॉ. जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी नहीं है। मन माना करी सीमा स्वीकार नहीं। कांग्रेस ने सबसे पहले एक विधवा महिला को आरक्षण देने का काम किया। भाजपा संविधान की संरचना को बदलना चाहती है और बाबा साहेब अम्बेडकर के अधिकार छीनना चाहती है। तीनों विधेयकों को एक साथ लाकर वो अपना अधिकार जताना चाहते हैं। महिला आरक्षण बिल लोक सभा के 543 सदस्यों पर लागू होना चाहिए। लोकसभा में इसका गिला लोकतंत्र, संविधान एवं पिछड़ों की जीत है।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव दुर्गेश मौर्य, पूर्व कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता, महेन्द्र पाल सिंह यदुवंशी, आसिफ खां अली, राजीव कुमार शर्मा, डॉ. महेन्द्र मौर्य, सुधीर कश्यप, दयमीन खान, नाहिद मौर्य, भगवान शरण मौर्य, कोमल मौर्य, राजकुमार मौर्य, रघुनन्दन मौर्य, राजवीर मौर्य, डॉ. शारद के मौर्य, आकाश मौर्य, नंद किशोर मौर्य व अजल अहमद आदि मौजूद रहे।

एक नजर

## बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में चार घायल दो की हालत गंभीर

**ठाकुरद्वारा।** करनपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में स्कूटी सवार रतुपुरा निवासी मोहित पुत्र सत्यपाल, अनमोल पुत्र रामपाल और सत्यपाल पुत्र बुद्ध सिंह शामिल हैं, जबकि बाइक सवार रानी नांगल निवासी विकास कुमार भी इस हादसे में घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस के पायलट दुर्जपाल सिंह और ईएमटी संजीत यादव ने सभी घायलों को तत्काल नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विकास कुमार और मोहित की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## रक्तदान जागरूकता को लेकर किया बाइक रैली का आयोजन

**बिजनौर।** 24 अप्रैल को सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह जी महाराज जी की याद मेंसंत निरंकारी सत्संग भवन निकट मां कालिका मंदिर झालू रोड बिजनौर पर होने वाले विशाल रक्तदान शिविर को लेकर रविवार को एक रक्तदान जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया।रैली संत निरंकारी सत्संग भवन से शुरू होकर रामलीला ग्राउंड, जानी चौराहा , पोस्ट ऑफिस चौराहा, रोडवेज चौराहा, कलेक्ट्रेड नुमाइश ग्राउण्ड चौराहा, जजी चौराहा शक्ति चौराहा थाना कोतवाली शहर होते हुए निरंकारी सत्संग भवन पर आकर समाप्त हुई। जागरूकता बाइक रैली का नेतृत्व ब्रांच बिजनौर के महात्मा सुरेंद्र पाल सिंह शिक्षक आदित्य सोनू ने किया सेवादल संचालक विनोद कुमार एडवोकेट का भी विशेष योगदान रहा । बिजनौर के महात्मा सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि 24 अप्रैल को सद्गुरु बाबा गुरु बच्चन सिंह जी की याद में प्रत्येक वर्ष मानव एकता दिवस मनाया जाता है।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

- **फायरिंग में बाल-बाल बचा युवक,मची सनसनी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रझौहा के मजरा झुलपुरी में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि विवाद के दौरान एक पक्ष ने अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी, जिसमें दूसरे पक्ष का युवक बाल-बाल बच गया। गोली उसके कान के पास से होकर गुजरी।



मारपीट में घायल ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

रजबपुर क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी राजवती पत्नी परम सिंह के अनुसार, उन्होंने झुलपुरी में गाटा संख्या 30/1 पर भूमि खरीदी थी, जिसे गांव के ही एक युवक को ठेके पर दिया था। आरोप है कि ठेके की रकम को लेकर विवाद शुरू हुआ। युवक ने जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। शनिवार दोपहर जब राजवती का परिवार खेत पर पहुंचा, तो आरोपी पक्ष ने अपने परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। पीड़िता का दावा है कि उनके पास घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में मौजूद है। आरोप है कि फायरिंग के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली तलब किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सलेमपुर के जंगल में खूंखार तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

- **मासूम पर हमले के बाद वन विभाग को सफलता**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** कांठ क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर के जंगलों में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना खूंखार तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया है। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, हालांकि क्षेत्र में अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

बतायाकि कुछ दिन पूर्व ग्राम सलेमपुर निवासी किसान राजीव कुमार अपनी पत्नी ललिता के साथ खेत में गेहूं की गहाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका 5 वर्षीय पुत्र लाव्यांश पास में खेल रहा था। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक बच्चे पर हमला कर उसे जबड़ों में दबोच लिया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिस पर तेंदुआ बच्चे को छोड़कर भाग गया। घायल बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था। वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में कई स्थानों पर पिंजरे लगाए। इसी क्रम में बीती रात सलेमपुर के जंगल में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 5:30 बजे सूचना मिली थी। सुबह तेंदुए के पकड़े जाने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उसे देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। पिंजरे में कैद तेंदुए को देखकर लोग दहशत में नजर आए और उसे बेहद खतरनाक बताया। फिलहाल तेंदुए को डीयर पार्क मुरादाबाद में रखा गया है।हालांकि तेंदुए के पकड़े जाने के बावजूद ग्रामीणों की चिंता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी कई अन्य तेंदुए सक्रिय हैं, जो मवेशियों और लोगों पर हमले कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से सर्च अभियान जारी रखने और अन्य तेंदुओं को भी जल्द पकड़ने की मांग की है।वन विभाग की टीम पकड़े गए तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी कर रही है और क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

कांठ। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया। आयोजित गोष्ठी में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए ब्राह्मण समाज को एकजुट होने का आह्वान किया गया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में डॉ. वीपी शर्मा कॉम्प्लेक्स में आयोजित गोष्ठी में क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश हरिओम शर्मा ने भगवान परशुराम की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को जूही शर्मा नामक बालिका ने अपने हाथों से बनाया हुआ भगवान परशुराम का स्केच भेंट किया। जिसकी काफी सराहना की गई। जहां मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा श्री शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, डॉक्टर अनुज चौधरी, डॉ अरुण सक्सेना, डॉ मंजू त्यागी, आरएसएस के जिलासंचालक कृष्ण गोपाल एवं व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र, उपराष्ट्रपति से पुरस्कृत पूर्व वैज्ञानिक डॉक्टर डॉ सुमन शर्मा, पूर्व सेवानिवृत सैन्य अधिकारी अतुल शुक्ला, गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह आदि अतिथियों का सम्मान ब्राह्मण बंधुओं ने फूल माला पहनाकर किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार के रूप में इस धरा पर अवतरित हुए।

उनका जन्म शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में वर्णित है। उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए दुष्टों का संहार किया।वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम ने कर्ण, द्रौण, भीष्म पितामह जैसे महान योद्धाओं को शस्त्र विद्या में पारंगत किया था। मुनि कश्यप को पूरी पृथ्वी दान में दी थी।ब्राह्मण समाज अपनी शक्ति को पहचाने और संगठित होकर अपनी शक्ति का एहसास समाज एवं देश सेवा में करें। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव गलतियों का पुतला है। हमें परस्पर एक दूसरे से गलतियां नहीं देखनी चाहिए और कुरीतियां त्याग कर एकजुट होने की आवश्यकता है। इस मौके पर एसडीएम कांठ संत दास पवार, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, सरदार कुलवंत सिंह, डॉ अरुण सक्सेना, डॉ अनुज चौधरी, राजन विश्नोई, कुंवर सुरेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# हादसे में महिला की मौत, पिता-पुत्र घायल

- **बहजोई रोड पर हुआ हादसा, बाइक चालक व ट्रैक्टर-ट्राली चालक वाहन छोड़ फरार**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड पर मॉडल लॉ कालेज के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बार पर सवार एक महिला सहित तीन लोग जमीन पर गिर गए। पीछे से आ रही सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में घायल पिता-पुत्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद दूसरी बाइक व ट्रैक्टर-ट्राली से चालक वाहन छोड़ फरार हो गए।



बहजोई रोड पर हादसे के बाद जमा लोग व इनसेट में मृतका लक्ष्मी का फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

कोतवाली क्षेत्र के मिलक मौलागढ़ निवासी लक्ष्मी 45 वर्ष पत्नी प्रेम किशोर रविवार की सुबह 5 बजे अपने पुत्र यश व पति के साथ बाइक से बहजोई रोड माल के पास खेत पर जा रही थी। जब बाइक सवार बहजोई रोड पर मॉडल लॉ कॉलेज के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला सहित तीन लोग सड़क पर गिए गए। पीछे से आ रही सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि यश व प्रेम किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को पिता-पुत्र को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने पिता-पुत्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार व ट्रैक्टर-ट्राली वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। घटना तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।

# 'परशुराम तेजस्वी, पराक्रमी और धर्मनिष्ठ थे'

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में परशुराम की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं महान व्यक्तित्वों के बारे में जागरूक करना रहा।



बच्चों को भगवान परशुराम के बारे में जानकारी देती संगीता भार्गव। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद बच्चों को भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और उनके योगदान के बारे में सरल और रोचक तरीके से बताया गया, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकें। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को बताया कि परशुराम जयंती हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका अवतार अधर्म, अन्याय और अत्याचार का अंत करने के लिए हुआ था।

वह बचपन से ही तेजस्वी, पराक्रमी और धर्मनिष्ठ थे। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए।

शिक्षिका प्रिया ने कहा कि प्राचीन ग्रंथों जैसे महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था, लेकिन जब भगवान शिव ने उन्हें परशु नामक दिव्य अस्त्र प्रदान किया, तभी से उनका नाम परशुराम पड़ा। परशुराम भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने अपने जीवन में कठोर तप और साधना की। इस दौरान प्रिया, रूपाली, काजल, इशिता, मनप्रीत, शालू, निशा, संतोष, नीरज, सरिता, सोनल, दीक्षा, रक्षा, शिल्पा सहित सभी स्टाफ का सहयोग रहा।

# खालसा साजना दिवस व वैशाखी पर्व से मनाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार बदायूं रोड पथरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खालसा साजना दिवस व वैशाखी पर्व बहुत ही धूमधाम और प्यार सत्कार के साथ मनाया। सुबह 8 बजे से निशान साहिब चोला साहिब की सेवा उपरांत श्री सुखमनी साहिब के पाठ के बाद कीर्तन-दरबार सजाया गया।



पथरा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में सुखमनी पाठ करता रागी जत्था।

गजरौला से आए रागी जत्था भाई सतेन्द्र सिंह अपने साथियों के साथ सबद-गुरबाणी में 'बाहों बाहों गोबिंद सिंह, आपे गुरु चेला आदि इतिहास से साध संगत को निहाल कियास। सिख मिशन हापुड़ से भाई जगदेव सिंह ने श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का इतिहास अपने शब्दों में कहा की दशम गुरु महान पुरुष थे, जिन्होनें ताउम्र अन्याय,अधर्म,अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और 1699 में बैशाखी के दिन आनन्दपुर साहिब में सभी जाति के लोगों को अमृत छक्का कर खालसा पंथ की स्थापना की गुरू की तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए शहीदी प्राप्त की हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपना पूरा परिवार न्यौछावर कर दिया।

शाहजहांपुर से आए भाई अंशुल सिंह सितारा ने आदि सबद कीर्तन से साध संगत को जोड़े रखा अंत में गुरुद्वारा साहिब से हजूरी रागी जत्था भाई बलवंत सिंह,सतनाम सिंह ने सबद गुरुवाणी गायन से ऐसे गुर कउ बलि बलि जाईऐ,आपि मुकतु मोहि तारै। समाप्ति दोपहर 2:30 बजे उपरांत गुरु का अटूट -लंगर बरताया गया। जिसमें काफी देर शाम तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सरदार हरचरन सिंह, सरदार वीर सिंह, सरदार जगजीत सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार जीत सिंह, सरदार प्रताप सिंह, सरदार धर्म सिंह,सरदार गुजेन्द्र सिंह,सरदार पान सिंह, सरदार प्रवेन्द्र सिंह, सरदार मुकेश सिंह,सरदार बालिस्टर सिंह आदि मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो फाइट कैंप में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन



ताइक्वांडो फाइट कैंप में खड़े खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

- **खिलाड़ियों को आगामी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए किया जा रहा है तैयार**

**चन्दौसी।** मयूर विहार स्थित अंकुश ताइक्वांडो क्लब में विशेष ताइक्वांडो फाइट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 45 खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे जोश के अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कोच अंकुश राणा ने बताया कि खिलाड़ियों को आगामी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस तरह के कैंप खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और प्रदर्शन को मजबूत बनाते हैं। कहा कि इस कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल में निश्चित रूप से सुधार होगा और वह आने वाली प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। इस आयोजन में क्षेत्र में खेल के प्रति जागरुकता बढ़ाने और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम | न्यू सत्यम अकादमी में स्कूल फेयर का आयोजन

# न्यू सत्यम अकादमी में विद्यार्थियों ने स्कूल फेयर में लगाए सुंदर-सुंदर स्टाल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यू सत्यम अकादमी में विद्यार्थियों की ओर से स्कूल फेयर का आयोजन किया।विद्यार्थियों ने इस आयोजन में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष विद्यालय प्रबंधक नमिता चौधरी, जाह्नवी चौधरी व प्रधानाचार्य एससी गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

रविवार को विद्यालय में स्कूल फेयर में विद्यार्थियों की ओर से स्टाल्स लगाए गए. जिसमें उनमें आत्मनिर्भरता का विकास देखने को मिला। फेयर में बड़ी संख्या में अभिभावक व स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। प्रबंधक की ओर से फेयर में स्टाल लगाने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके प्रयासों एवं सहभागिता के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। प्रबंधक नमिता चौधरी ने कहा कि यह फेयर न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। स अवसर पर उपप्रधानाचार्य अमिता गुप्ता, श्वेता मनचंदा, स्नेहा, निशि, यशिका, अंशिका, मनु, आकांक्षा, दिव्यांशी, काजल, हिना, आयुषी, आरती, मीमांसा, मेघा, गुंजन, राखी, ऋतु, रूबी, सपना, कमलेश, अनन्या, चंचल, विदुषी, गीता, कीर्ति, कोमल, जयगोपाल, विजयपाल, अभय आदि मौजूद रहे।



स्कूल फेयर में स्टाल लगाते विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा

# मोहम्मद अर्श ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट पॉल्स स्कूल का परचम लहराया



**कांठ।** सत्र 2025- 26 मे 10 वीं सी बी एस ई की परीक्षा मैं छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया। बॉबी यादव ने 94 प्रतिशत, इरम फातिमा ने 93.4 प्रतिशत, समर्थ बिश्नोई ने 92 प्रतिशत, अनुष्का सिंह व सौम्या यादव ने 91.8 प्रतिशत, अबुबकर ने 91 प्रतिशत, इफरा परवीन व मोहम्मद वसी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र, शिक्षकों , अभिभावकों का नाम रोशन किया।विद्यालय ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबन्धक जितेन्द्र विश्नोई ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षक व अभिभावक छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करें , उन्हें अत्यधिक तनाव में न रहने दें। अध्ययन के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान दे। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने व प्रधानाचार्य ममता विश्नोई ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन, अध्ययन एवं अभ्यास का होना अति आवश्यक है। तभी जीवन में सफलता मिल पाएगी ।साथ ही विद्यालय की शिक्षिका सारिका विश्नोई ने सभी उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

## शोभायात्रा में शामिल भगवान परशुराम के मुख्य रथ की जगह-जगह की आरती, झांकियों के साथ शामिल रहे डीजे व बैंड



शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के साथ मौजूद राज्यमंत्री। -जागरण



शोभायात्रा में डीजे की धुन पर नृत्य करते समाज के युवा। -जागरण मोर्चा





शोभायात्रा में शामिल भगवान की झांकी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री ब्राह्मण शक्ति संघ व श्री ब्राह्मण सभा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर बड़ा महादेव से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ब्राह्मण समाज के वृद्ध लोगों भगवान परशुराम की आरती करके किया। इसके बाद बड़ा महादेव से शोभायात्रा का आरंभ जिसमें भगवान महाकाल की झांकी के साथ भगवान परशुराम की मुख्य प्रतिमा चल रही थी।

बड़ा महादेव से आरंभ होकर शोभायात्रा मोहल्ला गोपाल, बूढ़ी माता होती हुई कैथल गेट पर पहुंची। यहां पहले खड़ी शोभायात्रा की झांकियों में शामिल हो गई।इसके बाद कैथल गेट से विशाल शोभायात्रा आरंभ हुई। शोभायात्रा में पंचमुखी हनुमान जी, भगवान महाकाल, भगवान परशुराम की झांकी, राधाकृष्ण की झांकी,रामजी, भगवान बद्रीनाथ की झांकी,सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में फरसा, तलवार व तराजू की झांकी शामिल थी। इसके अलावा शोभायात्रा में कई डीजे व बैंड बाजों से भक्ति धुनें बजाई जा रही थी।डीजे की धुनों पर समाज के युवा नाचते-गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में भजन मंडली के साथ वेशभूषा में सजे कलाकार नृत्य कर रहे थे। बड़ा महादेव से आरंभ हुई शोभायात्रा मोहल्ला गोपाल, बूढ़ी माता, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, पुरानी पैठ, बिसौली गेट, सुंदर मोहल्ला से मनिहार चौक होते हुए सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम पर पहुंच संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में राज्यमंत्री गुलाब देवी में शामिल रही। साथ ही श्रीदेवी गंगा मंदिर पर पंडित मनोज शर्मा ने भगवान परशुराम के मुख्य रथ की आरती संपन्न की गई। जगह-जगह भगवान परशुराम के मुख्य रथ की आरती की गई। वहीं श्री ब्राह्मण सभा द्वारा बिसौली गेट स्थित ब्रह्मौतार मार्केट में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर डा. राजीव लोचन शर्मा, रामाशंकर गौड़, राम कुमार शर्मा, बृजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र शर्मा राजा, विपिन शर्मा, ब्रजनंदन शर्मा, कवि माधव मिश्रा, सच्चिदानंद शर्मा, संजीव शर्मा, रमेश चंद्र बोहरा, बनवारी लाल पाठक, राजीव पाठक, विवेक मिश्रा, पंकज शर्मा, मुकेश गौड़, अभिनव शर्मा, अविरल शर्मा, पराग शर्मा, विभोर शर्मा, अंकुश गौड़, निशांत शर्मा, शुभम शर्मा, प्रभाकर शर्मा, आदित्य शर्मा, विवेक शर्मा, सचिन शर्मा, राजेश शर्मा, राम मिश्रा, रमाकांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, शिवराम वत्स, अंकुर अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अमन कोली, तरुण नीरज, विपिन आहूजा, नवकांत शर्मा, अर्चित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संगीता भार्गव, सुधा शर्मा, रंजना शर्मा, मोक्षिका शर्मा, आशा गोस्वामी सुनीता शर्मा, शालिनी शर्मा, अंशु नागर, कुमकुम मिश्रा, सुरेखा शर्मा, अनीता शर्मा, साधना पाठक, शिप्रा शर्मा, ममता नागर, प्रीति शर्मा, विमलेश कुमारी, रिंकू शर्मा आदि के अलावा श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाबा साहब की जंयती पर बैंड बाजों के साथ निकाली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के समीप गांव कैथल में संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड बाजे,डीजे के साथ अंबेडकर अनुयाई पूरे जोश के साथ बाबा साहब तथा भगवान तथागत बुद्ध की नारे लगाते हुए चल रहे थे, गांव में भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम नारे लगाते हुए शोभायात्रा में बुद्ध व बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मौजूद भंते ने पंचशील का पाठ कर सभी से धम्म के मार्ग पर चलने आवाह्न किया। सतीश प्रेमी ने अंबेडकर अनुयाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने देश में संविधान देकर दलितों,पिछड़ों तथा संपूर्ण महिला समाज की हजारों वर्षों की गुलामी बेड़ियों को अधिकार देकर बिना खून की एक बूंद बहाए काटा और सम्मान से जीने का अधिकार दिया। इस दौरान रामरूप सिंह रूपी,विमलेश कुमारी, योगेश कुमार, विनोद कुमार, मुकेश गौतम, कपिलदेव, अमरपालसिंह, हरिशंकर, कुमेश कुमार, दीपक कुमार, विजेंद्र सिंह, राहुल गौतम, प्रमोद कुमार, कैलाश चटवाल, राजू अनजान, सुरेश गौतम, दिनेश बाबू, प्रताव सिंह, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि।

## सार संक्षेप



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### बैठक में समाज के उत्थान के लिए विचार विमर्श किया

**हसनपुर।** नगर के एक रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के उत्थान के लिए विचार विमर्श किया गया। शनिवार देर रात्रि नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में अग्रवाल सभा पंजीकृत अग्रोहा धाम की बैठक का आयोजन किया। बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर उनकी आरती करके किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शिवचरण अग्रवाल द्वारा अग्रवाल समाज के एकजुटता पर बल देते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कही वहीं अन्य बातों पर भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा की गई ।तथा संचालन महामंत्री मुकेश गोयल द्वारा किया गया। बैठक में पराग अग्रवाल,राजीव अग्रवाल,मनोज गोयल,मयंक अग्रवाल,अमित अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल,राजकुमार अग्रवाल, मधुर अग्रवाल,पौरुष अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीया पर राहगीरों को बांटा शर्बत

**हसनपुर।** रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर के अंबेडकर पार्क स्थित बालाजी रेस्टोरेंट के द्वारा रहागीरों को शर्बत का वितरण किया गया,स्थानीय युवाओं और बच्चों ने आते जाते राहगीरों को शर्बत पिलाया ।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन शीतल पेय का दान अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। नगर में कई जगहों पर राहगीरों के लिए स्टॉल लगाए गए और रहागीरों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। संजीव गर्ग द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष अक्षय तृतीया पर लोगों की सेवा की गई है। तेज गर्मी के चलते लोग शरबत पीकर खुश होकर जाते हैं। इस मौके पर मनोज गर्ग,संजय गर्ग, संजीव गर्ग,राजीव अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल,शौर्य गर्ग,अर्थ अग्रवाल, वैष्णवी,यशिका आदि मौजूद रहे।

### हादसे में यात्री घायल, तहरीर के आधार पर जांच शुरू

**कांठ।** थाना क्षेत्र में सामान से भरेऑटो के चालक ने तेज गति से वाहन चलाकर सामने से यात्री लेकर आ रहे ऑटो में तेज गति से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक की तहरीर के आधार पर दूसरे वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की भी विवेचना शुरू कर दी है ।थाना कांठ के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी राहुल कुमार पुत्र राम सिंह रोहित रेफर्स पाइपलाइन कंपनी अगवानपुर में काम करने वाले मजदूरों को अपने ऑटो से लाने ले जाने का कार्य करता है 10 अप्रैल को वह अपने ऑटो से रोहित रेफर्स टू पाइपलाइन कंपनी आगमनपुर से प अंकज व पंकज निवासी ग्राम मुख्तियारपुर नवादा को बैठक कैंच की पुलिया की तरफ से अपने घर को आ रहा था। जैसे ही उसका ऑटो ग्राम रसूलपुर की पुलिया के पास बने मुर्गी फार्म के पास विक्रम ऑटो जो सामान भरकर ला रहा था। उसके चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाकर सामने से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार अंकज और पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। पीआरबी पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया।

# अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर में अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलीं, जहां लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे शहर में धार्मिक माहौल बना रहा और लोगों में विशेष उत्साह नजर आया। इस अवसर पर अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सराफा बाजारों में भी जबरदस्त रौनक देखने को मिली। मान्यता के अनुसार इस दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है, जिसके चलते सुबह से ही आभूषण दुकानों पर ग्राहक आभूषण की खरीदारी करते नजर आए। महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने नए-नए डिजाइन के गहनों की जमकर खरीदारी की। सराफा व्यापारी विनय सराफ ने बताया कि इस बार बाजार में पिछले वर्षों की तुलना में महंगाई के चलते ग्राहकों कम संख्या में रहे। लेकिन उसके बाद भी अच्छा कारोबार हुआ है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया हमारे व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन ग्राहक पूरे विश्वास और शुभ भावना के साथ सोने-चांदी की खरीदारी करते हैं। व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर और आकर्षक डिजाइनों की पेशकश की थी, कई लोगों ने इस दिन को निवेश के रूप में भी देखा और सोना खरीदा।

# घर से लापता महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

- मौत के महिला के शव को घर ले गए परिजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाता से शनिवार की रात से लापता महिला की उपचार के दौरान रविवार की सुबह सीएचसी में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी से परिजन शव घर ले गए।

मोहल्ला हाता निवासी रहमत बी 62 वर्ष पत्नी खैरुला हसन की दिमागी हालत पिछले काफी समय से ठीक नहीं है। वह घर पर बिना बताए ही निकल जाती है। शनिवार की रात 11 बजे महिला घर पर बिना बताए चली गई। जानकारी होने पर पुत्र कमाल हसन, व जावेद सहित अन्य परिजनों में महिला की कई स्थानों पर खोजबीन की। इसके बाद परिजन घर आ गए। रविवार की सुबह मालगोदाम रोड पर एक महिला घायल अवस्था में मिली। जिसे उपचार के लिए लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। महिला की पहचान न होने पर अस्पताल कर्मचारियों ने महिला का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद महिला के परिजन सीएचसी पहुंची और महिला की पहचान रहमत बी के रूप में की। इसके बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन महिला के शव घर ले गए।



महिला की मौत के बाद परिजनों से जानकारी करते प्रभारी निरीक्षक।

# पुरोहित धर्मशाला में मंत्रोच्चारण के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित बृजलाल पुरोहित ब्राह्मण धर्मशाला के सत्संग भवन में पंडित विनय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

उत्सव का शुभारंभ पंडित कृष्ण शास्त्री तथा पंडित महेश चंद्र शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसमें उपस्थित ब्राह्मणों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं। कार्यक्रम में समाज की एकता और भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस धार्मिक अनुष्ठान में ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। सभी ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर विशाल शर्मा, विवेक शर्मा, सुंदरलाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, अशवनी शर्मा, देवेंद्र शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, सुदेश चंद्र शर्मा, प्रवेश शर्मा, मंगल सिंह शर्मा, ललित शर्मा, मनोज शर्मा, कपिल शर्मा, मोहित शर्मा,



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी हवन करते हुए। -जागरण मोर्चा

# धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

- वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार की देर रात्रि अम्बेडकर पार्क गांव शाहपुर कलां में अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में अम्बेडकर जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अम्बेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह आर्य ने किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि देश को मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाने में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने तत्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुंदर से संविधान का निर्माण किया जिसकी बदौलत आज हमारा देश हर क्षेत्र में सुख समृद्धि की राह अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। इसमें हर वर्ग के हित निहित हैं शोषित वंचित और महिलाओं को उनके हक और अधिकारों की पैरवी मजबूती के साथ की गई है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए चंद्रपाल सैनी ने कहा कि आज अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग अपने हक और अधिकारों के लिए वह जमीनी काम नहीं कर रहा है जिसकी बदौलत उसके हक और अधिकार बच सकें अनावश्यक रूप से लोगों के बहकावे में आकर बाबा साहब के सिद्धांतों को ना अपना कर यह बड़ा वर्ग अपने शोषण का खुद जिम्मेदार है इसके लिए एकजुट होकर बाबा साहब की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना होगा ।हमें यदि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो उनके विचारों को आत्मसात करना ही होगा। वर्तमान स्थिति में हमें हर स्तर पर सावधान होकर अपने हक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर एक बड़े बदलाव की ओर समाज को ले जाना होगा।

कार्यक्रम की की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मीनू रानी नेक तथा संचालन प्रधान पति मास्टर जगत सिंह ने किया। इस अवसर पर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति शाहपुर कला के पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



जयंती में उपस्थित पदाधिकारी एवं अतिथि। -जागरण मोर्चा

### कार की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

**हसनपुर।** नगर के अतरासी मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक टक्कर लगते ही सड़क पर गिर कर बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 की मदद से घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हर सेंटर रेफर कर दिया ।जानकारी के अनुसार रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जगुआ खुर्द निवासी ऋषभ पुत्र प्रेमचंद व शिवम पुत्र शिवचरन बाइक पर सवार होकर रविवार दोपहर बाद नगर में मोबाइल खरीदने आ रहे थे ।सामने से आ रही स्विफ्ट कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

उद्घाटन | ग्राहकों को मिलेगा ओरिजिनल प्रोडक्ट्स

# मुरादाबाद में लांच हुआ आईक्रेस्ट एप्पल का अधिकृत शोरूम


जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** आसपास के एप्पल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आज शहर में आईक्रेस्ट एप्पल का पहला अधिकृत शोरूम जनता के लिए और भी बड़े रूप में खोल दिया गया। नया शोरूम क्रॉस रोड मॉल पीली कोठी रोड पर स्थित है। इसके खुलने से अब ग्राहकों को आईफोन, मैकबुक, आईपैड, एप्पल वॉच और एसेसरीज खरीदने के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

शोरूम का उद्घाटन मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल और आईक्रेस्ट के हेड राघव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर शहर के एसपी सिटी रणविजय जी, नामी व्यापारी, और सैकड़ों ग्राहक मौजूद रहे। आईफोन 17 सीरीज़, मैकबुक एयर एम5, आईपैड एयर, एप्पल वॉच सीरीज़ 11, लेटेस्ट जनरेशन एयरपॉड्स समेत सभी लेटेस्ट प्रोडक्ट लाइव डेमो के लिए उपलब्ध एप्पल सर्टिफाइड स्टाफ जो प्रोडक्ट खरीदने से पहले और बाद में पूरी गाइडेंस देंगे।आईक्रेस्ट के हेड राघव अग्रवाल ने बताया, "मुरादाबाद तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है। यहां के ग्राहक प्रीमियम एक्सपीरियंस चाहते हैं। हमारा मकसद उन्हें 100 प्रतिशत ओरिजिनल प्रोडक्ट, ट्रांसपेरेंट कीमत और वर्ल्ड क्लास सेवा अपने शहर में ही देना है।

ऐपल प्रोडक्ट लेने के लिए आइक्रेस्ट वन स्टॉप डेस्टिनेशन है ।स्थानीय ग्राहकों ने कहा कि पहले एप्पल का कोई भी प्रोडक्ट लेने नोएडा या दिल्ली जाना पड़ता था।

सर्विस में भी दिक्कत आती थी। अब घर के पास ऑथराइज्ड स्टोर खुलने से भरोसा भी है और सुविधा भी है।




दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# विकास और सुशासन के मुद्दों पर भी काम करे मीडिया

मीडिया की ताकत आज सर्वव्यापी है और कई मायनों में सर्वग्रासी भी। ऐसे में विकास के सवालों और उसके लोकव्यापीकरण में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो उठी है। यह एक ऐसा समय है, जबकि विकास और सुशासन के सवालों पर हमारी राजनीति में बात होने लगी है, तब मीडिया में यह चचाएँ न हों यह संभव नहीं है। समाज विकास की प्रक्रिया और उसकी आकांक्षाएं मीडिया में दर्ज हों, ऐसी उम्मीद की जाती है। इन विषयों की रिपोर्टिंग के लिए तमाम पत्रकार आगे आ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी विकास की पत्रकारिता को एक नई नजर से देखा जा रहा है। भारत में विकास की पत्रकारिता और उसके सवालों से जूझने के लिए पत्रकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार है, किंतु मुख्यधारा के मीडिया के द्वारा इन विषयों को तरजीह न दिए जाने के कारण निराशा ही हाथ लगती है। संकट पत्रकारों की ओर से नहीं, मीडिया संस्थानों और प्रबंधकों की ओर से है। विकास का मुद्दा क्या सिर्फ सरकारी विज्ञापनों का विषय है, सरकारी मीडिया का विषय है, या यह समाज में हो रहे नवाचारों का भी विषय है। विकास पत्रकारिता को पाठ्यक्रम के साथ मीडिया कर्म का भी हिस्सा होना चाहिए।

भारत जैसे विविधता और बहुलता भरे समाज में सभी उम्मीदों, सपनों और बदलावों को रेखांकित कर पाना कठिन है। क्योंकि विकास के अनेक तल हैं और देश में समाज की रचना भी बहुस्तरीय है, देश में कहावत प्रचलित है ह्यचार कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणीह्य , इसलिए किसी राज्य को भी एक ही पैमाने से नहीं नापा जा सकता। जैसे मध्य प्रदेश में एक तरफ समृद्ध मालवा है, तो दूसरी और झाबुआ जैसे इलाके भी हैं। एक तरफ इंदौर की चमक है, तो दूसरी ओर अलीराजपुर जैसे क्षेत्र भी हैं। छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ है, तो भिलाई भी है। ऐसे में पत्रकारों या विकास के सवालों पर लिखने वालों की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसी तरह विकास की भूमिका भी यहां विस्तृत और परिवर्तित हो जाती है। हम देखें तो 1950 के पहले आर्थिक विकास हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण था। किंतु 1950 के बाद की चिंताएं अलग हो गयी। बाद के दिनों में सामाजिक विकास को एक बड़ा कारक माना जाने लगा है। सामाजिक न्याय से लेकर स्थाई विकास के सवाल अब बड़े हो गए हैं। यहां तक कि पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चीजें भी हमारे सामने हैं।

एक समय में विकसित और विकासशील देशों की बहसें भी हमने सुनीं जिनमें मैकब्राइड कमीशन की रिपोर्ट एक अलग तरह से बात करती हुयी नजर आती है, जिनमें कुछ सवाल आज भी मौजू हैं। नियंत्रित मीडिया से मीडिया के चौतरफा विकास का समय भी आया जिसमें कुछ भी छिपाना और दबाना असंभव सा हो गया। कई बार यह भी लगता रहा कि विकास का सवाल सिर्फ सरकारी माध्यमों (मीडिया) के लिए ही महत्व का है, बाकी माध्यमों का अपना एजेंडा और राय अलग है। यहां यह भी देखना जरूरी है कि कम्युनिकेशन(संचार) सिर्फ सूचनाओं का हस्तांतरण नहीं है। बल्कि पक्षधरता के साथ, न्याय के लिए खड़ा होना भी है। जन को ताकतवर बनाना भी है। अवसर की समानता की अवधारणा को प्रचारित और स्थापित करना भी है।

# वैश्विक तनाव के बीच भारत की सधी हुई चाल, ऑस्ट्रिया के साथ सहयोग बढ़ाकर मोदी ने किया कमाल

भारत और ऑस्ट्रिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है। लगभग चार दशकों के बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आगमन न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का संकेत है, बल्कि यह वैश्विक परिदृश्य में बदलती प्राथमिकताओं के बीच नई साझेदारी के निर्माण का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।

भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है।

**दोनों देशों के बीच हुए 15 करार**

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आईं, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा।

रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति देने के लिए सैन्य मामलों में सहयोग पर एक आशय पत्र पर सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा उद्योग, नीति संवाद, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच हाल ही में हुए सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगी।

आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फास्ट ट्रैक तंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे दोनों देशों की कंपनियों और निवेशकों को



आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सकेगा। इससे व्यापार को सुगम बनाने और निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑडियो विजुअल सह उत्पादन समझौता किया गया है, जिससे दोनों देशों के फिल्म उद्योग के बीच संयुक्त निर्माण और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग, मानकों के आदान प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाएगा। इससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को भी मजबूती मिलेगी।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान साझा करने और योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संरचित संवाद शुरू करने और तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से भारतीय छात्रों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है।

इस यात्रा के दौरान स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाने, साइबर सुरक्षा संवाद शुरू करने, अंतरिक्ष उद्योग में संयुक्त सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम को लागू करने जैसी घोषणाएं भी की गईं। उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्वांटम तकनीक, मशीन लर्निंग, जल शोधन और सामग्री विज्ञान में संयुक्त अनुसंधान को साझेदारी का मुख्य आधार बनाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत की प्रतिभा और ऑस्ट्रिया की नवाचार क्षमता मिलकर वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर सकती है। उन्होंने रक्षा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। इसके अलावा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाया है। वर्ष 2023 में हुए प्रवासन और गतिशीलता समझौते के तहत अब नर्सिंग क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। युवा आदान प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

साथ ही वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे यूक्रेन का संकट हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देशों ने स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया। साथ ही वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

हम आपको एक बार फिर बता दें कि ऑस्ट्रिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण यूरोपीय साझेदार है। यह मध्य और पूर्वी यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख द्वार है और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उन्नत इंजीनियरिंग में इसकी विशेषज्ञता भारत के विकास कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग तीन अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है।

**वैश्विक परिदृश्य पर क्या असर पड़ेगा?**

देखा जाये तो भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रभाव वैश्विक भू-राजनीति पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सेतु का काम करता है, जिससे भारत को यूरोप के बाजारों, तकनीक और निवेश तक बेहतर पहुंच मिलती है। इस सहयोग से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका और अधिक मजबूत होगी, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इसके साथ ही, ऑस्ट्रिया का भारत के प्रति समर्थन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगा, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता जैसे मुद्दों पर। दक्षिण एशिया के संदर्भ में यह साझेदारी भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत करेगी, क्योंकि उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और आर्थिक निवेश के माध्यम से भारत क्षेत्रीय नेतृत्व को और प्रभावी ढंग से स्थापित कर सकेगा। इससे न केवल भारत की सुरक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि वह क्षेत्र में स्थिरता, विकास और संतुलन बनाए रखने में भी अधिक सक्षम भूमिका निभा सकेगा।

बहरहाल, ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर नवाचार केंद्रित और भविष्य उन्मुख साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। दोनों देशों ने मिलकर एक ऐसे सहयोग मॉडल की नींव रखी है जो न केवल द्विपक्षीय हितों को साधेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी स्थिरता और प्रगति में योगदान देगा।

- नीरज कुमार दुबे

## मनी मैनेजमेंट टिप्स

# दोहरी जिम्मेदारियों के बीच कैसे बनाएं मजबूत आर्थिक भविष्य?



**बच्चों का भविष्य, माता-पिता की देखभाल और स्वयं का रिटायरमेंट इन तीनों ही मोर्चों का जिम्मा सैंडविच जेनरेशन ने उठा रखा है। लेकिन इसका निबाह ठीक तरह से करने की रणनीति विशेषज्ञ से समझना जरूरी है।**

*35 से 50 वर्ष के आयु वर्ग की पीढ़ी 'सैंडविच जेनरेशन' कहलाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन पर दायित्वों का बोझ बहुत अधिक होता है। इन्हें बच्चों की जिम्मेदारी उठानी होती है, माता-पिता का भी खयाल रखना होता है और अतिरिक्त व्यक्ति जैसे- छोटे भाई-बहन को भी संभालना पड़ता है। ऐसी स्थिति में खुद को संभालते हुए सबका खयाल रखना इन्हें फंसा हुआ महसूस न कराए उसकी तैयारी करना जरूरी है।*

### पहले तय करें प्राथमिकता

पहले ये तय करना होगा कि आपकी योजनाएं क्या हैं। क्या माता-पिता पूरी तरह से आप पर आश्रित हैं या उनकी भी कुछ आय है, क्या बच्चे अभी छोटे हैं या अपनी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं, आपने स्वयं या फिर साथी के लिए क्या योजनाएं बना रखी हैं, क्या आप घर लेना चाहते आदि। जब आप प्राथमिकताएं तय कर लेंगे तो नियोजन ठीक तरह से हो पाएगा।

### बच्चों का भविष्य हो सुरक्षित

लंबी अवधि के निवेश साधनों का चयन करें। एसआईपी से इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश, पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना जैसे विकल्प बेहतर साबित हो सकते हैं।

### सबके लिए हो स्वास्थ्य बीमा

किसी भी अप्रत्याशित बीमारी से परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। एक पर्याप्त कवरेज वाला फैमिली फ्लोटर हेल्थ इंश्योरेंस लेना आवश्यक है, वहीं माता-पिता के लिए अलग से सीनियर सिटीजन हेल्थ पॉलिसी लेना अधिक व्यावहारिक होता है।

### स्वयं और साथी के लिए भी निवेश

अपने लिए अलग घर या फिर रिटायरमेंट को अमूमन लोग नजरअंदाज कर देते हैं। भविष्य में आर्थिक स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और लंबी अवधि के म्यूचुअल फंड्स में नियमित निवेश करना ज़रूरी है।

### माता-पिता के लिए करें निवेश

सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम और पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम जैसे विकल्प उपयुक्त हो सकते हैं। ये योजनाएं स्थिर और सुरक्षित रिटर्न देती हैं, जिससे माता-पिता के मासिक खर्चों को सहजता से पूरा किया जा सकता है।

### यह भी ध्यान रखना है जरूरी


- आपातकालीन फंड एक सुरक्षा कवच है जो आकस्मिक स्थिति में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में मददगार है। 6-12 महीनों के घरेलू खर्च के बराबर राशि लिक्विड फंड या सेविंग्स अकाउंट में रखनी चाहिए। इसमें अभिभावकों के मेडिकल खर्च व बच्चों की जरूरतें शामिल हों।
- सारा पैसा एक ही जगह निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है। इक्विटी, डेट फंड्स, एफडी और गोल्ड जैसे विभिन्न साधनों में निवेश करके जोखिम को संतुलित किया जा सकता है। इससे रिटर्न की संभावना बढ़ती है और जरूरत के समय लिक्विडिटी भी बनी रहती है।
- जीवन बीमा, विशेष रूप से टर्म इंश्योरेंस लेना भी जरूरी है ताकि परिवार के मुखिया के साथ कोई अनहोनी हो जाए, तो तीनों पीढ़ियों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करना चुनौती न बने।

### बजट का निर्धारण करें

- बजट के लिए सबसे लोकप्रिय और प्रभावी 50-30-20 का नियम है। इसे आवश्यकताओं के अनुसार बदल भी सकते हैं।
- 50 प्रतिशत अनिवार्य आवश्यकताएं। जैसे- घर के खर्च, माता-पिता की देखभाल, स्कूल फीस, हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस की किस्तें।
- 20 प्रतिशत बचत व निवेश। यह हिस्सा आपका 'कल' सुरक्षित करेगा। सेवानिवृत्ति फंड, बच्चों के भविष्य के लिए निवेश, आपातकालीन कोष, कर्ज चुकारा आदि।
- 30 प्रतिशत इच्छाओं और जीवनशैली पर। हालांकि, जिम्मेदारियों को देखते हुए इसे घटाकर 20 प्रतिशत भी कर सकते हैं।

# दिल का ख्याल रखना पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी

**दिल हमारे शरीर का सबसे मेहनती अंग है, जो हर पल बिना रुके काम करता रहता है। इसलिए इसकी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। अगर उम्र के अनुसार इसकी देखभाल की जाए, तो इसे स्वस्थ रखना काफी आसान हो जाता है।**



***हमारा दिल अचानक कमज़ोर नहीं होता, बल्कि हमारी रोज़मर्रा की आदतों का असर धीरे-धीरे उस पर दिखाई देता है। हम क्या खाते हैं, कितना चलते हैं, कितना तनाव लेते हैं और कितनी नींद लेते हैं- ये सभी बातें तय करती हैं कि हमारा दिल कितना स्वस्थ रहेगा। दरअसल, छोटी-छोटी लापरवाहियां ही दिल के कमज़ोर होने की शुरुआत करती हैं। अच्छी बात यह है कि दिल की देखभाल के लिए बड़े बदलावों की ज़रूरत नहीं होती, उम्र के अनुसार रोज़मर्रा की ज़िंदगी में किए गए छोटे-छोटे सुधार ही इसे लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।***

### 20 से 29 साल की उम्र अच्छी आदतें बनाने का समय

*इस उम्र में शरीर सबसे ज़्यादा सक्रिय और फिट होता है, इसलिए यही सही समय है अच्छी आदतें विकसित करने का। रोज थोड़ा-बहुत व्यायाम करें, जैसे- दौड़ना, जिम जाना या कोई खेल खेलना। कोशिश करें कि हफ्ते में कम से कम 150 मिनट सक्रिय रहें। तले-भुने और पैकेट वाले खाने का सेवन कम करें और घर का संतुलित भोजन लें। 25-29 साल की उम्र में एक बार रक्तचाप, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर करवा लें, ताकि दिल की स्थिति का पता चल सके। अगर धूम्रपान करते हैं, तो इसे छोड़ देना सबसे बेहतर फैसला होगा।*

### 30 से 39 साल की उम्र काम और तनाव के बीच संतुलन

*इस उम्र में काम, परिवार और भविष्य की जिम्मेदारियां बढ़ती हैं, जिससे तनाव भी बढ़ सकता है और यह दिल के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए रोज थोड़ा समय अपने लिए जरूर निकालें, जैसे- टहलना, ध्यान करना या कोई पसंदीदा काम करना। रोज 7-8 घंटे की नींद बेहद जरूरी है, क्योंकि नींद की कमी से रक्तचाप बढ़ सकता है। पेट पर बढ़ती चर्बी को नजरअंदाज न करें, यह दिल के लिए खतरे का संकेत हो सकती है। चाय और कॉफी का सेवन भी सीमित रखें।*

### 40 से 49 साल की उम्र सतर्कता बेहद जरूरी

इस उम्र तक जीवनशैली का असर शरीर पर दिखने लगता है, इसलिए अब सतर्क रहना आवश्यक है। हर साल शुगर और कोलेस्ट्रॉल जैसी जांचें कराते रहें। आहार में वो चीजें शामिल करें जो दिल के लिए फायदेमंद है, जैसे- अलसी, अखरोट और हरी सब्जियां। हल्के व्यायाम के साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करें, इससे शरीर मजबूत बना रहता है। अगर जल्दी थकान, सांस फूलना या बहुत खर्राटे आने जैसी समस्याएं हों, तो इन्हें नजरअंदाज न करें, ये दिल से जुड़ी समस्या के संकेत हो सकते हैं।

### 50 से 59 साल की उम्र लापरवाही बिल्कुल नहीं

इस उम्र में शरीर में बदलाव तेजी से होते हैं, इसलिए अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। हल्का और संतुलित भोजन लें, जिसमें फल, सब्जियां और स्वस्थ वसा शामिल हों। मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने के लिए हल्के व्यायाम जारी रखें। अगर सीने में दर्द या सांस लेने में तकलीफ हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। हर 6 महीने में रक्तचाप, ईसीजी और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराना फायदेमंद होता है।

### 60 साल और उसके बाद नियमितता ही ताकत

इस उम्र में अधिक मेहनत से ज़्यादा नियमितता मायने रखती है। रोजाना सैर, हल्का व्यायाम या योग करना दिल के लिए बेहद फायदेमंद है। भोजन हल्का और संतुलित रखें, जिसमें फाइबर की मात्रा अधिक हो। सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद को अकेला न रखें। परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताना मानसिक और हृदय स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवाते रहें।

# अमेरिका में लोकेश सत्यनाथन ने लॉन्ग जंप में गोल्ड जीता

**● 8.21 मीटर छलांग लगाई ● नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन डिवीजन-आई खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय**

**अर्कांसस (एजेंसी)।** भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कांसस में आयोजित एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) डिवीजन-आई




चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं।

**केजीएफ के डायलॉग से मिलती है प्रेरणा** – टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देते हैं। वे फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के उस दृश्य को याद करते हैं जिसमें नायक अपनी मां से कहता है,यही तुम्हारा सपना था और अब मैं इसे जीतकर दिखाऊंगा।' लोकेश के मुताबिक, अपनी मां के त्याग और उनके शब्दों को याद करने पर आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। हादसे में चेहरे पर आई थीं गंभीर चोटें, फिर भी नहीं हारी हिम्मत लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने पिता की ताकत और मां के विश्वास के दम पर मैदान पर वापसी की।

**ऑल टाइम लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंचे** – इस शानदार जीत के साथ लोकेश सत्यनाथन अब भारत के ऑल टाइम लॉन्ग जंपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर जैसे स्थापित नाम ही हैं।

# नोवाक जोकोविच चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटे



**मैड्रिड (एजेंसी)।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लंबे समय से चली आ रही चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परीबस ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है। वह दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन से बाहर रहे थे और मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया। जोकोविच ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, दुर्भाग्यवश, मैं इस साल मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। मैं जल्द वापसी के लिए अपनी रिकवरी जारी रखे हुए हूं। हस्ता प्रोंतो (जल्द ही फिर मिलेंगे)। जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रह चुके हैं। टूर्नामेंट की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि आप जल्द ही यहां वापसी करेंगे, ताकि हम काजा मागिका (मैड्रिड ओपन की मेजबानी करने वाले स्टेडियम) में एक बार फिर आपके खेल का आनंद ले सकें। जैसा कि हमने पहले कई बार किया है।

# आज अजेय पंजाब किंग्स के सामने लखनऊ सुपर जाइंट्स

## पंत की चोट से जूझ रही है लखनऊ सुपर जाइंट्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स रविवार को मुल्लांपुर में खेले जाने वाले आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। पंजाब इस सीजन में शानदार फॉर्म में है, जबकि लखनऊ संघर्ष करता नजर आ रहा है। कप्तान ऋषभ पंत की चोट ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे यह मुकाबला और भी अहम बन गया है।




**पंजाब किंग्स का दमदार प्रदर्शन** – पंजाब किंग्स इस सीजन में अब तक अजेय रही है और टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। कप्तान श्रेयर्स अय्यर की अगुवाई में टीम का नेट रन रेट +1.067 है, जो उनकी मजबूत बल्लेबाजी और शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

**लक्ष्य का पीछा करने में माहिर पंजाब** – पंजाब किंग्स ने 2025 से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 में से 9 मुकाबले जीते हैं, जो टीम की बेहतरीन रणनीति और आत्मविश्वास को दिखाता है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह बात साफ नजर आई, जहां टीम ने दबाव में शानदार खेल दिखाया।

**लखनऊ के लिए बढ़ी मुश्किलें** – लखनऊ सुपर किंग्स फिलहाल अंक तालिका में सातवें स्थान पर है और लगातार दो हार के बाद दबाव में है। टीम का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिससे खिलाड़ियों पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

**पंत की चोट बनी चिंता** – पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, हालांकि बाद में वह बल्लेबाजी के लिए लौटे लेकिन उनकी कोहनी पर पट्टी बंधी थी। ऐसे में उनकी फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, जो टीम के लिए बड़ी चिंता है।

**लखनऊ की बल्लेबाजी कमजोर कड़ी** – आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में एसएलजी केवल 146 रन ही बना सकी थी, जहां मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। पूरे सीजन में टीम अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है, जो उसकी बल्लेबाजी की कमजोरी को दिखाता है।

### पंजाब की बल्लेबाजी शानदार

इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने इस सीजन में दो बार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में टीम 16.3 ओवर में 198/3 तक पहुंच गई थी। प्रभसिमरन सिंह (211 रन) और श्रेयस अय्यर (203 रन) शानदार फॉर्म में हैं और दोनों का स्ट्राइक रेट भी काफी प्रभावशाली रहा है। प्रिंस यादव 9 विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं, जबकि आवेश खान (5 विकेट) और मोहम्मद शमी (4 विकेट) उनका साथ दे रहे हैं। हालांकि पिछले मैच में शमी विराट कोहली और रजत पाटीदार के सामने संघर्ष करते दिखे, वहीं दिग्वेश राठी भी महंगे साबित हुए।

### बल्लेबाजों से उम्मीदें

मुकुल चौधरी, एडेन मार्करम, मिचेल मार्श और आयुष बदोनी ने अब तक रन बनाए हैं, लेकिन टीम को वापसी के लिए ज्यादा आक्रामक खेल दिखाना होगा। खास तौर पर मार्श, मार्करम और निकोलस पूरन से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

# पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल का कोच पर उत्पीड़न का आरोप

**● स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया में शिकायत दी ● ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भी समर्थन में आए**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली-गलौज के आरोप लगाए हैं। सुमित ने साई (स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) में शिकायत दी है। इस शिकायत का ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने भी समर्थन किया है।

**परिवार को दी गालियां, ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजकर किया परेशान** – टोक्यो और पेरिस पैरालिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल का आरोप है कि कोच नवल सिंह ने न केवल उन्हें, बल्कि नीरज चोपड़ा को भी निशाना बनाया। सुमित के मुताबिक, कोच ने पेशेवर मर्यादाएं लांघते हुए उनके परिवारों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। सुमित ने




बताया कि कोच जानबूझकर अपनी गाली-गलौज वाली ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके मैनेजरों को भेजते थे, ताकि वे उन तक पहुंच सकें और उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा सके।

**नीरज चोपड़ा समेत कई एथलीट्स ने सुमित का साथ दिया** – सुमित की इस शिकायत को जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, पैरा एथलीट नवदीप सिंह और संदीप चौधरी ने भी अपना समर्थन दिया है। सुमित का कहना है कि वे लंबे समय तक इस व्यवहार को नजरअंदाज करते रहे, लेकिन जब पानी सिर से ऊपर चला गया, तब उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

**कोच पर सचिन यादव को आगे बढ़ाने के लिए साजिश का आरोप** – सुमित ने कोच की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नवल सिंह शायद इसलिए ऐसा कर रहे हैं क्योंकि वे अपने शिष्य सचिन यादव को नीरज चोपड़ा से आगे देखना चाहते हैं। पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में सचिन यादव चौथे स्थान पर रहे थे, जबकि चोट से जूझ रहे नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर आए थे। सुमित ने शक जताया है कि कोच के इस व्यवहार के पीछे कम्पेटिटिव इंटरेस्ट जुड़े हो सकते हैं।

### साई और टॉप की कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

सुमित अंतिल ने अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायत दर्ज कराए एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें कोई रसीद नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के सीईओ पहली सुनवाई में ही समझौता कराना चाहते थे। सुमित ने सवाल उठाया कि अगर उनके जैसे कद के एथलीटों की बात नहीं सुनी जा रही, तो अन्य खिलाड़ी क्या उम्मीद कर सकते हैं।

**● साई ने दी सफाई- नवल सिंह हमारे कर्मचारी नहीं** – साई ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। हालांकि, संस्थान ने साफ किया है कि नवल सिंह उनके कर्मचारी नहीं हैं। वे वर्तमान में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के हिस्से के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

# गिल की फिफ्टी से गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता

**कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी, रबाडा ने 3 विकेट झटके**




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद में 181 रन का टारगेट गुजरात ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। जीटी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, केकेआर सबसे निचले पायदान पर है। टीम को पहली जीत की तलाश है।

### गिल ने लगातार तीसरे मैच में फिफ्टी बनाई

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने रन चेज को एकतरफा कर दिया। उन्होंने 50 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। वे साई सुदर्शन के साथ ओपन करने उतरे। दोनों ने 31 बॉल पर 57 रन की ओपनिंग साझेदारी की। गिल ने बटलर के साथ 38 और सुंदर के साथ 46 रन की साझेदारी की। गिल के अलावा, साई सुदर्शन ने 22, बटलर ने 25 और सुंदर ने 13 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती को 2 विकेट मिले।

### ग्रीन की फिफ्टी काम न आई

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता की ओर से कैमरन ग्रीन ने 55 बॉल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

### रबाडा ने 3 विकेट झटके

कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला।

# विराट कोहली के लाइक पर जर्मन मॉडल ने तोड़ी चुप्पी

**कहा- मुझे उनके लिए बुरा लगा, इतना बड़ा मुद्दा कैसे बन गया, समझ नहीं आया**

**मुंबई (एजेंसी)।** जर्मन मॉडल लिजलाज की फोटो को कथित रूप से लाइक करने को लेकर विराट कोहली चर्चा में आ गए। शुक्रवार को लिजलाज ने इस पर रिएक्ट करते हुए बताया कि उन्हें इस बारे में खबरों से पता चला। मीडिया से बात करते हुए लिजलाज ने कहा, 'मैं सुबह उठी तो देखा कि मैं खबरों में हूं। मुझे नहीं पता था कि विराट ने कब फोटो लाइक की। लोगों ने अलग-अलग प्लेटफॉर्म की खबरें मुझे भेजीं। मुझे बहुत सारे मैसेज मिले और लोग काफी उत्साहित थे।' उन्होंने बताया कि भारत यात्रा के दौरान उन्हें क्रिकेट के बारे में पता चला, जब वह पहली बार भारत आई थीं और यहां कई महीनों तक रहीं। इस दौरान उन्होंने साउथ इंडिया, गोवा, मैसूर, कुर्ग, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद समेत कई जगहों की यात्रा की। लिजलाज ने कहा कि आईपीएल के दौरान उन्होंने अपने बेंगलुरु के दोस्तों के साथ मैच देखना शुरू किया और वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की फैन बन गईं। इसी दौरान उन्होंने विराट कोहली को खेलते देखा और उन्हें पसंद किया।



बाद में विराट द्वारा फोटो अनलाइक किए जाने पर लिजलाज ने कहा, 'मुझे उनके लिए थोड़ा बुरा लगा। मुझे खुशी थी कि उन्होंने लाइक किया, लेकिन यह इतना बड़ा मुद्दा कैसे बन गया, समझ नहीं आया। शायद उनका ऐसा इरादा नहीं था, फिर भी मैं उनके सपोर्ट की सराहना करती हूं।'

**लिजलाज का दावा- वायरल होने के बाद बढ़े ऑफर्स** – लिजलाज ने दावा किया कि इस घटना के बाद उन्हें काम के कई ऑफर्स मिले, लेकिन वह फिलहाल सोच-समझकर फैसला लेना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह म्यूजिक और व्लॉगिंग को लेकर सीरियस हैं और भारत में मौके मिलने पर फिर से आने पर विचार कर सकती हैं।

# साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया

**डरबन टी–20 में 159 का टारगेट 5 बॉल रहते चेज किया; सीरीज में 1–0 की बढ़त**

**डरबन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। डरबन में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 158 रन बनाए थे, जिसे साउथ अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट की 51 रनों की पारी के दम पर आसानी से हासिल कर लिया। यह साउथ अफ्रीका का टी-20 इंटरनेशनल में अब तक का पांचवां सबसे सफल रन चेज है। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

**आखिरी 5 ओवर में भारत के 4 विकेट गिरे** – टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 51 गेंदों पर 71 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर तक भारत का स्कोर 2 विकेट पर 119 रन था और लग रहा था कि टीम 180 के पार जाएगी। हालांकि, आखिरी 5 ओवरों में टीम इंडिया ने सिर्फ 33 रन जोड़े और 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम 160 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी।

**शेफाली वर्मा की तेज शुरुआत, शॉर्ट बॉल पर हुईं आउट** – भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने आते ही आक्रामक रुख अपनाया और 17




गेंदों पर 34 रन बनाए। उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। हालांकि, साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शॉर्ट बॉल पर फंसाने की रणनीति अपनाई। खाका की शॉर्ट बॉल पर वे एक बार बचीं, लेकिन अंत में तुमी सेखुखुने की शॉर्ट पिच गेंद पर कैच थमा बैठीं। वहीं स्मृति मंधाना सिर्फ 7 रन बनाकर खाका का शिकार बनीं।

**अयाबोंगा खाका ने 16 रन देकर लिए 3 विकेट लिए** – साउथ अफ्रीका की जीत की नींव गेंदबाज अयाबोंगा खाका ने रखी। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए। खाका इस साल फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी हुई हैं। उनके अलावा तुमी सेखुखुने ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।अयाबोंगा खाका ने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए।

**वोल्वाईट की कप्तानी पारी, डेर्कसेन ने मैच फिनिश किया** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत शानदार रही। ओपनिंग पर लौटीं कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 39 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में ऑन-साइड पर शानदार खेल दिखाते हुए 35 रन बटोरे।

वोल्वार्ट ने एनरी डेर्कसेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। डेर्कसेन ने 34 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। अंत में क्लो ट्रायोन ने विजयी छक्का लगाकर टीम को सीरीज में 1-0 से बढ़त दिलाई।

# पश्चिम एशिया संकट का असर: भारत में 13% घटी एलपीजी सिलिंडर की खपत, गैर-घरेलू गैस सप्लाई भी प्रभावित

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। भारत में रसोई गैस की खपत में मार्च महीने के दौरान तेज गिरावट दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2.729 मिलियन टन थी। यह गिरावट पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और सप्लाई में बाधा के कारण आई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है। लेकिन इस क्षेत्र में तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आने वाली आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे सरकार को होटल और उद्योगों जैसे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी ताकि घरेलू रसोई गैस सुरक्षित रहे। घरेलू एलपीजी सिलिंडर की खपत भी मार्च में 8.1 प्रतिशत घटकर 2.219 मिलियन टन रह गई। वहीं, गैर-घरेलू उपयोग में भारी गिरावट दर्ज की गई, जो लगभग 48 प्रतिशत तक कम हो गई। बड़े स्तर पर यानी बल्क एलपीजी की बिक्री में भी 75 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई।

ऐसे में अब ये समझना ज्यादा जरूरी है कि भारत में सप्लाई को लेकर सरकार का स्टैंड क्या है और आंकड़ें क्या कहते हैं। इस बात को ऐसे समझिए कि प्रभावित हुई ऊर्जा सप्लाई के इतर भारत सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई सामान्य रही। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि खपत में कमी आई है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने रिफाइनरियों को निर्देश दिया कि वे पेट्रोकेमिकल उत्पादन कम करके एलपीजी उत्पादन बढ़ाएं। इसके चलते घरेलू उत्पादन बढ़कर 1.4 मिलियन टन हो गया, जो पिछले साल 1.1 मिलियन टन था।

बता दें कि पूरे वित्तीय वर्ष में एलपीजी की कुल खपत 6 प्रतिशत बढ़कर 33.212 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो बताता है कि लंबे समय में मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत में लगभग कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। वहीं पेट्रोल और डीजल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई है, जिससे साफ है कि परिवहन क्षेत्र में मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। कुल मिलाकर, पश्चिम एशिया के तनाव ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा असर डाला है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव रसोई गैस की उपलब्धता और कीमतों पर देखा जा रहा है।

# भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत, कर्ज की मांग बढ़ी; एसेट क्वालिटी और क्रेडिट मांग से मिल रहा सपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत स्थिति में है और आगे भी तेजी की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के सर्वे में बेहतर एसेट क्वालिटी, मजबूत पूंजी और टरटए-रिटेल कर्ज मांग को इसकी वजह बताया गया। मौद्रिक नीति स्थिर रहने के संकेत हैं, जबकि सरकारी बैंक भविष्य को लेकर ज्यादा आश्वस्त दिख रहे हैं।

भारत का बैंकिंग सेक्टर फिलहाल मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है। एक हालिया सर्वे के मुताबिक, बैंकों की हालत बेहतर हो रही है और आगे भी इसमें सुधार जारी रहने की उम्मीद है। इस मजबूती की वजह अच्छी एसेट क्वालिटी (कम खराब लोन), मजबूत पूंजी, और रिटेल व छोटे कारोबार (एसएमई) में बढ़ती कर्ज की मांग है। यह सर्वे फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन ने मिलकर किया है। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को लेकर माहौल सकारात्मक है। इसकी वजह मजबूत बैलेंस शीट और अर्थव्यवस्था में स्थिर गतिविधियां हैं।

सर्वे में यह भी कहा गया है कि मौजूदा मौद्रिक नीति (ब्याज दर से जुड़ी नीति) फिलहाल संतुलित है और इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है। हालांकि कुछ सहकारी बैंकों ने ब्याज दर में हल्की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। बैंकों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में कर्ज की मांग बढ़ती रहेगी, खासकर रिटेल और छोटे-मध्यम उद्योगों (MSME) से। सरकारी बैंक (PSB) भविष्य को लेकर ज्यादा भरोसेमंद नजर आ रहे हैं, क्योंकि उनकी एसेट क्वालिटी सुधरी है और कॉरपोरेट लोन में रुचि बढ़ रही है।

# कलीनगर में आयोजित हुआ परशुराम जन्मोत्सव



कलीनगर में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के दौरान मौजूद पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा एवं अन्य

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**कलीनगर, पीलीभीत।** रविवार को नगर पंचायत कलीनगर में शस्त्र और शास्त्र के समन्वय, मयार्दा और साहस के प्रतीक, भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान एवं पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान परशुराम के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही। अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम में अपने अपने बिचार रखे। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष आनन्द मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला महामंत्री महेन्द्र मिश्रा,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश भारती, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तहसील मंत्री मानस शुक्ला,अमनदीप मिश्रा, राजेंद्र पाण्डेय,कार्यक्रम अध्यक्ष अलोक कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा डॉ आलोक शर्मा अधिकारी पीलीभीत रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश मिश्रा द्वारा किया गया।

# विलंदपुर में विधायक ने उत्सव भवन का किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के विधायक ने दिए निर्देश



उत्सव भवन का निरीक्षण करते विधायक बाबूराम पासवान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** विधायक वावूराम पासबान ने गांव बिलंदपुर अशोक में निमार्णाधीन उत्सव भवन का निरीक्षण किया। विधायक ने भवन निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और ठेकेदारों से समयसीमा की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। विधायक पासबान ने कहा कि यह भवन गांववासियों के सांस्कृतिक, सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि गांवों में ऐसे स्थलों का होना स्थानीय लोगों के जीवन स्तर और सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण स्थल पर काम कर रहे कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय लोग भी निरीक्षण में उपस्थित रहे और उन्होंने भवन निर्माण के संबंध में अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को विधायक के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भवन पूरा होने के बाद यह स्थल गांव के सभी सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक केंद्रीय स्थल के रूप में काम करेगा। बिलंदपुर अशोक का यह उत्सव भवन गाँव के विकास और सामाजिक जीवन में नई ऊँचाई लाने का काम करेगा। इस दौरान कई मौजूद रहे।

# कमीशन के खेल पर लगाम, निजी स्कूलों को देना होगा प्रमाण पत्र

**तय दुकान से यूनीफार्म व किताबें नहीं क्रय करा सकेंगे निजी स्कूल ,बीएसए ने जिले भर के मान्यता प्राप्त स्कूलों व बीईओ को जारी किए आदेश**



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर दबाव बनाकर तय बुक सेलर व कपड़े की दुकान से बच्चों के लिए यूनीफार्म व पुस्तकें खरीदवाने की मिल रही शिकायतों पर शिक्षा विभाग के अधिकारी सख्त हो गए हैं। इस सबंध में बीएसए द्वारा जिले के सभी खंड शिक्षाधिकारियों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को पत्र जारी किया गया है। इसमें विद्यालय द्वारा किसी भी अभिभावक पर दबाव बनाकर तय दुकान से यूनीफार्म व पुस्तकें न खरीदवाने और फीस वृद्धि न करने के आशय का प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद इस प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय और निजी स्कूलों में एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो चुकी है। अंग्रेजी और हिन्दी मीडियम के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में बच्चों के दाखिले होने लगे हैं। सत्र की शुरूआत के साथ ही दाखिला, किताबें और ड्रेस का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के अधिकांश मान्यता प्राप्त निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं। ऐसा अभिभावकों का कहना है कि आरोप है कि कमीशन के खेल के चलते बच्चों की पढ़ाई महंगी होती जा रही है। कई निजी स्कूलों के संचालक व प्रधानाचार्य ने चुनिंदा बुक सेलर्स व कपड़े की दुकान को अधिकृत किया हुआ है। ऐसे में अभिभावकों को तय दुकानों से ही महंगे दामों पर किताबें व यूनीफार्म खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। स्कूलों में नामांकित प्रत्येक कक्षा के लिए औसतन पांच से आठ हजार रुपये तक की किताबें खरीदनी पड़ रही हैं जो मध्यमवर्गीय परिवारों के बजट पर सीधा असर डालती हैं। किताबों की दुकान तय होने से अन्य दुकानों पर उस स्कूल की किताबें नहीं मिल रही हैं। इससे मनमाने दाम वसूले जाते हैं। शैक्षिक सत्र की शुरूआत के बाद से ही अभिभावकों द्वारा इस व्यवस्था पर रोक लगाने व कहीं से भी किताबें व यूनीफार्म खरीदने की स्वतंत्रता देने की मांग कर रहे हैं। हालांकि लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर अब शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है।

### कड़ी हिदायतः विद्यालय के साथ बीईओ पर भी होगी कार्यवाही

**स्कूलों की मनमानी पर लगेगी लगाम, अभिभावकों को मिलेगी सहूलियत**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने जिले के सभी खंड शिक्षाधिकारियों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को आदेश जारी किया है। इसमें कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्यक्रम एवं यूनीफार्म का वितरण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जाता है। नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत से उच्चाधिकारियों व अन्य के माध्यम से शिकायतें मिल रही हैं कि मान्यता प्राप्त स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से किसी विशेष प्रतिष्ठान से पाठ्यक्रम व यूनीफार्म क्रय करने के लिए दबाव बनाया जाता है जो गलत है। पत्र में कहा कि सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें कि विद्यालय द्वारा किसी भी अभिभावक पर यह दबाव नहीं बनाया गया। न ही मनमाने ढंग से फीस की वृद्धि की गई है। अगर किसी विद्यालय की अब शिकायत मिलती है तो संबंधित विद्यालय के साथ खंड शिक्षाधिकारी भी उत्तरदायी होंगे। बीएसए ने बताया कि सभी बीईओ को जल्द से जल्द सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों से प्रमाण पत्र लेने को कहा गया है।

# बिजली कटौती और ट्रपिंग से उपभोक्ता हुए परेशान

## गर्मी आते ही शुरू हो गई बिजली की किल्लतें



रात्रि में फाल्ट सही करता बिजली कर्मचारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** शनिवार की फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति में लगातार रुकावटें आई,जिससे स्थानीय लोगो को परेशानियों का सामना पडा। कई बार ट्रिपिंग की घटनाओं के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही, और इससे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा। गर्मी ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दी है। इसके साथ ही बिजली व्यवस्था गडबडाने लगी है। पूरनपुर क्षेत्र नगर से लेकर देहात क्षेत्र की विजली आपूर्ति के साथ ही बिजली कटौती व ट्रपिंग लोगो को परेशान करने लगी है। बिजली की बार-बार कटौती ने न केवल घरेलू कामकाज को प्रभावित किया। बल्कि दुकानों, छोटे उद्योगों और कंप्यूटर आधारित कार्यों में भी बाधा डाली। "रात भर लाइट चली गई, और कई बार ट्रिपिंग हुई, विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समस्या लाइन में तकनीकी खराबी और अचानक लोड बढ़ने के कारण हुई। पुरानी तारों और अत्यधिक लोड के कारण बार-बार ट्रिपिंग जैसी घटनाएँ आम हो सकती हैं। इसके अलावा घुंघचाई, माधोटांडा, जोगराजपुर, कलीनगर ,हरिपुर सहित कई सहित कई बिजली उपकेंद्रों पर बिजली कटौती और ट्रपिंग की समस्या गहराती जा रही है। बिजली न मिलने से लोगों को रात अंधेरे में काटनी पडी। साथ ही बिजली चलित काम धंधे ठप रहे। लोगो ने बिजली व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है। बिजली बिभाग के अधिकारियों ने बताया कि फाल्ट आने से दिक्कतें आती है। व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

# जिला उपाध्यक्ष राजकुमार को किया सम्मानित, खुशी

***संयुक्त राज्य परिषद पीलीभीत के अधिवेशन में हुई सराहना***



पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में पूरनपुर के राजकुमार को सम्मानित किया

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**
**पूरनपुर।** संयुक्त राज्य परिषद जनपद पीलीभीत के अधिवेशन में राजकुमार पासवान को जिला उपाध्यक्ष के पद से सम्मानित किया गया। इसके उसके मिलने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पद का जिम्मेदारी से निर्वहन करने की बात कही। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष हरनारायण अरुण कुमार, अनूप बाल्मीकि, अनूप कुमार, सुरेंद्र पाल, माजिद अली, पप्पू रामबली, रवि राजपूत, तौफीक अहमद, सुखलाल गौतम सहित पूरनपुर के अधिकांश कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने राजकुमार को शुभकामनाएं दीं।

# बाल कुंभ में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, खेलों से गूंजा विद्यालय परिसर



आरएसआरडी स्कूल में बालकुंभ कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक और बच्चे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** स्थानीय आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में ह्यबाल कुंभह्न का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रचारक दुष्यंत जी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ स्वयंसेवकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बौद्धिक सत्र में संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। इस दौरान बोरा दौड़, बाधा दौड़, सुदर्शन चक्र, शेर-बकरी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्था मोहित अवस्थी के नेतृत्व में तथा संयोजन आशीष जी द्वारा किया गया। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# युवक का अपहरण करने के प्रयास के मामले में केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** जमीन का बैनामा कराकर शेष 79 लाख रुपये गिनकर कार में लेने का झांसा देकर खरीदार ने अपने साथियों के साथ विक्रेता के पुत्र और उसके साले का चाकू के बल पर अपहरण करने की कोशिश की। शोर-शराबा पर लोगों के एकत्र होने पर किसान का पुत्र और उसके साले ने कार से निकलकर बमुश्किल जान बचाई। पुलिस ने पीड़ित की ओर से मुकदमा दर्ज किया है। घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर में हुई। कलीनगर तहसील के गांव चितरपुर के बाबूराम ने बताया कि उसने अपनी 11 बीघा जमीन का सौदा हरियाणा के रोहतक के बहु जमालपुर 93 गढ़ी खेड़ी के दीपक से 14.5 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से किया था। जमीन का सौदा गांव के बाबूराम और शिवकुमार ने करीब एक महीने पहले कराया था। शुक्रवार को 80.19 लाख रुपये खरीदार ने उसे दिए और जमीन की रजिस्ट्री कराने, बकाया रुपये कुछ देर में देने का आश्वासन दिया। इस पर उसने सभी रुपये न मिलने तक जमीन की रजिस्ट्री करने से इन्कार कर दिया। शनिवार को रुपये देकर रजिस्ट्री कराना तय हुआ। अपने पुत्र रामऔतार, धर्मेंद्र और रामऔतार के साले गांव महादिया निवासी पप्पू, दोस्त गांव निवासी अफसर खां के साथ जमीन की रजिस्ट्री कराने खरीदार और उसके साथी के साथ उप निबंधक कार्यालय पहुंचे। खरीदार के साथ तीन अन्य लोग भी थे। रजिस्ट्री के सारे अभिलेख तैयार होने पर पहले रुपये देने को खरीदार से कहा। तब उसने शेष 79 लाख रुपये कार में होने और रुपये गिनकर लेने की बात कही। इस पर उन्होंने अपने पुत्र रामऔतार और उसके साले पप्पू को रुपये गिनने के लिए कार में भेजा। इस दौरान उसके दोस्त अफसर खां के रजिस्ट्री कार्यालय से बाहर किसी काम से जाने के दौरान खरीदार ने रजिस्ट्री करवा ली। उसकी बायोमीट्रिक उपस्थित भी दर्ज हो गई।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी लुटेरा घायल, अवैध तमंचा बरामद

**व्यापार मंडल तिराहा के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़, पैर में गोली लगने से बदमाश गिरफ्तार**



मुठभेड़ के बाद इनामी बदमाश को ले जाती पुलिस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**जहानाबाद।** थाना जहानाबाद क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में 50 हजार रुपये का इनामी शातिर लुटेरा घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 मार्च 2026 को थाना जहानाबाद क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त शिक्षक को कार में बैठाकर ?23 हजार की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों–धर्मेन्द्र और मेईनुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी सहादत अली फरार चल रहा था, जिस पर ?50,000 का इनाम घोषित था। शनिवार रात करीब 9:45 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी सहादत अली पीलीभीत में मौजूद है और बरेली की ओर जाने की फिराक में है। सूचना पर थाना जहानाबाद पुलिस ने व्यापार मंडल तिराहा और सियावाली पट्टी रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक काले रंग की मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर उसने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें सहादत अली (42 वर्ष) पुत्र इश्तियाक अली निवासी अहरौली, थाना कसया, जनपद कुशीनगर के बाएं पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। अवैध शस्त्र बरामदगी के संबंध में पृथक से मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह लूट के मामले में वांछित चल रहा था।




# भगवान परशुराम चौक का लोकार्पण, नगर को मिली नई पहचान



भगवान परशुराम चौक के लोकार्पण के दौरान मौजूद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता एवं ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर, पीलीभीत।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) की पावन बेला पर के घुँघचिहाई चौराहे पर भव्य भगवान परशुराम चौक का लोकार्पण पूर्व राज्य मंत्री डॉ.विनोद तिवारी के द्वारा किया गया। जिसके पश्चात भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन किया गया। सभी सनातनी बन्धुओं ने भगवान परशुराम के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा इस अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम चौक की स्थापना के लिए विधायक बाबूराम पासवान एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त किया। सभी वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला एवं सभी उपस्थित सनातनी बन्धुओं को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनायें प्रेषित कीं। सभी सनातनी बन्धुओं को इस बात का अत्यंत हर्ष है कि घुँघचिहाई चौराहा अब भगवान परशुराम के छठे अवतार भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी, विधायक बाबूराम पासवान ,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, रजनीश पाण्डेय, प्रफुल्ल मिश्रा अनुराग अग्निहोत्री, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा, अनुपम वाजपेई, धीरज शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, संजय मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही इस भव्य प्रतिमा का निर्माण करने वाले मूर्तिकार शैलेश चौरसिया एवं रवि मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष आनंद मिश्रा, तहसील अध्यक्ष हर गोविन्द वाजपेयी, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, रामअवतार शर्मा, निरंकार पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, राजकुमार शुक्ला, शिव शंकर अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, सुनील मिश्रा, गोपाल मिश्रा, प्रवीण शुक्ला, रजनीश पाण्डेय, मानस शुक्ला, विवेक तिवारी, रवि मिश्रा, सर्वेश पाण्डेय, ह्रदेश पाण्डेय, गौरव दीक्षित, अमित पाण्डेय, नीरज त्रिवेदी, अनुराग दीक्षित, अम्बर मिश्रा, अर्पण तिवारी, सिद्धार्थ शुक्ला, सचिन त्रिवेदी, सचिन शुक्ला, शोभित मिश्रा, राहुल अवस्थी, अनिल शास्त्री सहित सैकड़ों सनातनी बंधु उपस्थित रहे।

# दून्दपुर में हरियाणा पुलिस की दबिश से खुलासा

## मोबाइल चोरी नेटवर्क की आशंका, अचानक अमीरी पर गहराए सवाल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर, बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम दून्दपुर में हरियाणा के गुड़गांव से आई पुलिस टीम की दबिश ने गांव में सक्रिय संदिग्ध गतिविधियों की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने गांव के एक कबाड़ व्यापारी के यहां छापा मारकर पुराने मोबाइल फोन से भरे दो कट्टे बरामद किए, जिन्हें टीम अपने साथ जब्त कर ले गई। बताया जा रहा है कि कबाड़ व्यापारी के बेटे की मोबाइल की दुकान भी है, जिससे इस पूरे मामले की कड़ियां और गहरी होती नजर आ रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बरामद मोबाइलों में से 7 मोबाइल चोरी के होने की पुष्टि बताई जा रही है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि मामला किसी बड़े मोबाइल चोरी गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिसकी जड़ें स्थानीय स्तर से निकलकर दूसरे राज्यों तक फैली हुई हैं। दबिश के दौरान पुलिस ने कबाड़ व्यापारी के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। कार्रवाई के बाद गुड़गांव पुलिस करीब दो घंटे तक आसफपुर पुलिस चौकी पर डटी रही और हिरासत में लिए गए युवक से गहन पूछताछ की गई। सूत्रों का दावा है कि पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर आगे और बड़ी कार्रवाई हो सकती है। स्थानीय पुलिस की ह्यअनभिज्ञताह्न पर उठे सवाल इतनी बड़ी कार्रवाई के बावजूद स्थानीय पुलिस की अनभिज्ञता हैरान करने वाली है। आसफपुर चौकी इंचार्ज ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया, वहीं थाना फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने भी कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब बाहरी राज्य की पुलिस गांव में दबिश देकर बरामदगी कर रही है, तो स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी। अवैध कारोबार का गढ़ बनता दून्दपुर? ग्रामीणों का कहना है कि दून्दपुर में कुछ लोग जो पहले मजदूरी करते थे, वे अब अचानक संपन्न हो गए हैं। आलीशान मकान और महंगे संसाधन इस बदलाव की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि इस तेजी से आई समृद्धि के पीछे अवैध धंधों का हाथ हो सकता है।

**पहले भी हो चुकी है छापेमारी**

सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले देर रात भी किसी बाहरी प्रदेश की टीम ने गांव में छापेमारी की थी, जिसे हवाला कारोबार से जुड़ा बताया गया था। लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों ने गांव को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है।

**संपत्ति जांच से खुल सकता है बड़ा खेल**

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संदिग्ध लोगों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर अवैध नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। आय के स्रोत और संपत्ति के अनुपात की जांच कई चौंकाने वाले तथ्य सामने ला सकती है।

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

पुलिस चौकी से महज एक किलोमीटर दूर स्थित गांव में इस तरह की गतिविधियों का पनपना और स्थानीय पुलिस का अनजान बने रहना गंभीर चिंता का विषय है। अब देखना होगा कि इस कार्रवाई के बाद प्रशासन कितनी गंभीरता दिखाता है या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। अब देखना यह होगा कि हरियाणा पुलिस की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय प्रशासन जागता है या फिर दून्दपुर यूं ही अवैध कारोबार का नया ठिकाना बनता रहेगा।

## मोहकमपुर में आरोग्य मेला, 40 मरीजों की जांच कर बांटी गई दवाएं



जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर, बदायूं।** क्षेत्र के गांव मोहकमपुर स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किया गया। इसमें आसपास के गांवों से पहुंचे करीब 40 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आयोजित मेले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर प्रभारी डॉ. परिणिका शुक्ला ने बताया कि मोहकमपुर के अलावा दबथरा, मलखानपुर, सहावर, हरदासपुर, रतनपुर व ठिरिया सहित अन्य गांवों के लोग शिविर में पहुंचे। मेले में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित सामान्य जांचें की गईं और आवश्यक दवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। साथ ही स्वास्थ्य टीम ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस मेले में फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार गुप्ता, लैब टेक्नीशियन अमित कुमार, एएनएम शाबिया परवीन और हिमांशु शर्मा समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## आवारा सांड के हमले से मासूम घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी मनोज का चार साल का पुत्र मनप्रीत घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान आवारा सांड ने मासूम पर हमला कर घायल कर दिया। मासूम के चीखने चिल्लाने पर कई लोग लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। वमुश्किल लोगों ने आवारा सांड से उसको छुटाया। इसके बाद आवारा सांड को वमुश्किल खदेडा जा सका है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आवारा सांड आए दिन लोगों पर हमला कर उनको घायल कर चुके है।

## अवैध कच्ची शराब के साथ महिला को पकडा, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई पुलिस ने अवैध कच्ची शराब को लेकर उदरहा गांव के एक घर में छापा मारा। शराब की विक्री कर रही महिला को पकड लिया। उसके पास से दस लीटर अवैध कच्ची शराब वरामद कि गई। पुलिस ने आबाकारी अधिनियम के तहत महिला पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा है। पुलिस ने वताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अवैध कच्ची शराव को लेकर छापामारी जारी रहेगी।

# स्कूलों के ऊपर मौत बनकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन

## लाइन हटवाने को की गई मांग पर आज तक नहीं हुई सुनवाई, ग्रामीण बोले क्या हादसे का इंतजार कर रहा है प्रशासन



बिलसंडा के गांव परेवा तुर्राह के कंपोजिट विद्यालय के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** गांव परेवा स्थित कंपोजिट विद्यालय, बड़ागांव स्थित जूनियर हाई स्कूल एवं तिलसंडा के प्राथमिक विद्यालय परिसर समेत कई स्कूलों के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की वजह से बच्चों को हर वक्त खतरा बना रहता है। गांव परेवा में कुछ दिन पहले हाईटेंशन लाइन के तारों के टकराने से गिरी चिंगारी से पाकड़ का पेड़ झुलस गया था। यह तो अच्छा हुआ कि उस वक्त वहां पर बच्चे नहीं बैठे थे, वरना निश्चित रूप से बड़ा हादसा हो जाता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र गंगवार ने बताया कि हाईटेंशन लाइन हटवाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग भी की गई, लेकिन फिर भी लाइन को आज तक नहीं हटवाया गया। कमोबेश यही दशा गांव बड़ा गांव के जूनियर हाई स्कूल की है, यहां पर भी हाई टेंशन लाइन के स्कूल परिसर के ऊपर से गुजरने की वजह से हर वक्त हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इन विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को भी लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है कि हाईटेंशन लाइन से कभी भी स्कूल में हादसा हो सकता है। उधर परेवा के शिक्षक वीरेंद्र गंगवार का कहना है कि 3 वर्ष पूर्व तत्कालीन डीएम पुल्कित खरे ने सख्ती दिखाते हुए बिजली विभाग की टीम को भेजा भी था ,लेकिन लाइन हट पाती इससे पहले ही उनका गैर जनपद के लिए स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद बिजली विभाग की टीम ने वापस पलट कर नहीं देखा, जबकि हाईटेंशन लाइन न हटने की वजह से स्कूली बच्चों को हर वक्त खतरा बना हुआ है। शिक्षक बोले क्या बड़ा हादसा होने के बाद ही हाई टेंशन लाइन हटवाई जाएगी। लेकिन हादसा होने के बाद अगर लाइन हटी तो उसका क्या फायदा होगा।बता दें कि स्कूलों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन को हटाने का सरकार द्वारा आदेश भी दिया जा चुका है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अभी भी विद्यालय परिसर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कमोबेश यही दशा गांव तिलसडा की है। यहां के प्राथमिक विद्यालय परिसर से भी बिजली की लाइन गुजरी हुई है। यहां पर भी शिक्षक ने कई बार लाइन हटवाने के लिए विभागीय अधिकारियों को पत्र भी लिखे लेकिन आज तक लाइन नहीं हटवाई जा सकी। शासन के निदेर्शों की बिजली विभाग द्वारा पूरी तरह अनदेखी की जा रही है जबकि बिजली की लाइन बच्चों की जिंदगी के लिए खतरा बनी हुई है।

# बिलसंडा में आखिर कब होगी सब्जी मंडी की स्थाई व्यवस्था

## जुमला बनकर न रह जाए चुनाव से पहले किया गया वादा



बिलसंडा में हाईवे पर सब्जी की दुकानें लगाने पर मजबूर दुकानदार



ट्रस्ट की जगह पर सब्जी मंडी की पुनः व्यवस्था कराए जाने के लिए पत्रावली डीएम कार्यालय भेजी जा चुकी है। वहां से शीघ्र ही अनुमति मिलने की उम्मीद है। अनुमति मिलने के बाद सब्जी मंडी की समस्या से निजात मिल जाएगी।

**– डीके गुप्ता**
**चेयरमैन नगर पंचायत बिलसंडा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर में सब्जी मंडी की स्थाई रूप से व्यवस्था न होने की वजह से दुकानदारों को जहां हाईवे पर दुकानें लगानी पड़ रही है, वहीं एक निजी प्लांट पर दुकानें लगाने के एवज में दुकानदारों से तहबाजारी के रूप में बड़े पैमाने पर वसूली भी की जा रही है, जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया। उधर गत तीन वर्ष हुए निकाय चुनाव के दौरान किए गए वादे को भी चेयरमैन ने अभी तक पूरा नहीं किया, जिसको लेकर अब दुकानदारों ने इसे जुमला करार देना शुरू कर दिया। बता दें कि वर्ष 2000 में तत्कालीन चेयरमैन महेश बाबू गुप्ता ने रामलीला मैदान के समीप स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की जमीन को किराए पर लेकर सब्जी मंडी की व्यवस्था कराई थी,लेकिन उनके बाद जब एक दशक तक जिम्मेदारों ने ट्रस्ट में किराया ही नहीं जमा किया तो प्रशासन ने 6 वर्ष पहले जमीन खाली करा ली,तब से ट्रस्ट की जमीन खाली पड़ी है। हालांकि उसके बाद से सब्जी मंडी भी उजड़ गई। हालांकि बाद में कुछ दुकानदारों ने हाईवे पर दुकानें लगानी शुरू कर दीं ,तो कुछ दुकानदारों ने सब्जी का काम करना ही बंद कर दिया। बता दे कि नगर में मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगती हैं ,जिसमें दूर दराज गांवों से लोग सब्जी की दुकानें लगाने आते हैं। ऐसे दुकानदारों को वन रेंज कार्यालय के सामने एक निजी प्लांट पर कई वर्षों से बैठाया जा रहा है। आरोप है कि सप्ताह में सिर्फ दो दिन सब्जी की दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों से 50 से 100 रुपए प्रति बाजार की दर से तहबाजारी के रूप में वसूली की जाती है। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया। ऐसे दुकानदारों का कहना है कि 500 रुपयों की बामुश्किल सब्जी की बिक्री हो पाती है, और उस पर बाजार में बैठने के लिए 100 रुपए देने पड़ेंगे तो उन्हें फायदा की बजाय नुकसान उठाना पड़ता है। इससे तो बेहतर यही है कि नगर की बाजार में दुकान ही न लगाई जाए। बता दें कि सब्जी मंडी की स्थाई व्यवस्था का दायित्व नगर पंचायत प्रशासन का है, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन अपनी इस जिम्मेदारी से पूरी तरह बच रहा है। तीन वर्ष हुए निकाय चुनाव के दौरान मौजूदा चेयरमैन डीके गुप्ता ने सब्जी मंडी की सबसे पहले स्थाई व्यवस्था कराने का लोगों को आश्वासन दिया था। लेकिन एक वर्ष गुजरने के बाद भी अभी तक सब्जी मंडी की स्थाई व्यवस्था नहीं कराई गई। दुकानदारों का कहना है कि चुनाव के वक्त डीके गुप्ता ने आश्वासन दिया था, लेकिन चेयरमैन बनने के बाद आज तक इस ओर मुड़कर भी नहीं देखा। इतना ही नहीं दुकानदारों ने यह भी कहना शुरू कर दिया,कि कहीं यह आश्वासन जुमला तो नहीं। उधर हाईवे के किनारे दुकानें लगाए जाने से हर वक्त दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर पूरी तरह मुंह फेर रखा है। हालांकि गत वर्ष व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सब्जी मंडी की स्थाई व्यवस्था कराए जाने को लेकर पहल भी की थी, लेकिन किन्ही कारणों से कामयाबी नहीं मिल पाई।

## तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण, प्रशासन मूकदर्शक बना



तालाब पर अवैध कब्जा कर किया गया निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सितारगंज नवदिया में दबंगों द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस पूरे मामले में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मूकदर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के सार्वजनिक तालाब पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और वहां भवन निर्माण कराया जा रहा है। इससे जलभराव और पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सार्वजनिक संपत्ति को बचाया जा सके।

## भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकली, गूंजा जयकारों से नगर



नगर में भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के दौरान निकाली गई शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर में रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा। शोभायात्रा नगर की विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान परशुराम के जयकारे लगाए गए और भजन-कीर्तन के माध्यम से उनका गुणगान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं और महिलाओं की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में यह शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# हैवानियतः आसफपुर के मलखानपुर में पिता ने 5 माह के मासूम को छत से फेंक कर मार डाला, शादी की खुशियां मातम में बदलीं



मृतक राघव का फाइल फोटो (6) माह उम्र



राघव की माँ कुमकुम का रोरो कर बुरा हाल हो गया है।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर, बदायूं।** विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम मलखानपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ एक कलयुगी पिता ने अपनी पत्नी पर मायके से तुरंत चलने का दबाव बनाने के लिए अपने ही पांच महीने के मासूम बेटे को छत से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जिस घर में साले की शादी की शहनाइयां गूंज रही थीं और रविवार को बारात जानी थी, वहां अब केवल मासूम की मौत का मातम पसरा है।

?शादी वाले घर में पसरा सन्नाटा जानकारी के अनुसार, ग्राम मलखानपुर निवासी पूर्व प्रधान प्रमोद दिवाकर के बेटे सौरभ की रविवार को बारात जानी थी। इस मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनकी बेटी कुमकुम अपने पति बॉबी (निवासी बहटरसूल, संभल) और दो बच्चों–5 वर्षीय प्रशांत व 5 माह के राघव–के साथ मायके आई थी। घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा था और उत्सव का माहौल था, लेकिन शनिवार की आधी रात को हुई इस घटना ने सब कुछ उजाड़ दिया।

**नशे में धुत आरोपी ने पहले बहन को पीटा**

मृतक बच्चे के नाना प्रमोद दिवाकर ने बताया कि आरोपी दामाद बॉबी शुक्रवार को ही ससुराल पहुंचा था और शराब के नशे में धुत था। शुक्रवार रात उसने किसी बात पर अपनी ही बहन नीलम की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि वह बेहोश हो गई। शनिवार रात करीब 9 बजे वह फिर से नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी पत्नी कुमकुम से झगड़ा करने लगा। वह रात में ही कुमकुम को अपने साथ घर ले जाने की जिद पर अड़ा था।

**अभी घर चलो, वरना बच्चे को फेंक दूंगा**

रात करीब 12 बजे जब कुमकुम ने इतनी रात को जाने से मना किया, तो विवाद चरम पर पहुंच गया। कुमकुम ने झगड़े के बीच अपने छोटे बेटे राघव को अपनी मां (बच्चे की नानी) की गोद में थमा दिया। इसी दौरान सनकी बॉबी ने सास की गोद से मासूम को झपटा और छत की ओर दौड़ पड़ा। उसने राघव को छत से नीचे लटका दिया और कुमकुम को धमकी दी कि "अगर अभी मेरे साथ नहीं चली, तो बच्चे को नीचे फेंक दूंगा।" पत्नी और परिजनों ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन पत्थर दिल हो चुके बॉबी ने बच्चे को छत से नीचे पटक दिया।

**अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम**

मासूम राघव के जमीन पर गिरते ही घर में चीख-पुकार मच गई। लहूलुहान हालत में बच्चे को लेकर परिजन तुरंत चंदौसी के अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे गंभीर हालत में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। रविवार तड़के करीब 4 बजे मासूम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**कमरे में बंद किया आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

वारदात के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने आरोपी बॉबी को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। बिसौली कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया। एसएचओ कमलेश मिश्रा ने बताया कि शुरूआती जांच में पति-पत्नी के विवाद की बात सामने आई है। आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मलखानपुर गांव में हुई इस क्रूर वारदात से पूरे विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में शोक की लहर है। लोग आरोपी पिता को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।




# 'विपक्ष के पास महिला अपराधों के पाप से मुक्ति पाने का मौका था', योगी बोले-मगर, द्रौपदी चीर हरण जैसा कर दिया

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को घेरा। कहा कि विपक्ष नहीं चाहता है कि महिलाओं को सम्मान मिले। इससे आधी आबादी में आक्रोश है। ये लोग वोट की ताकत से विपक्ष को सबक सिखाएंगी। आगे पढ़ें पूरी खबर...

राजधानी लखनऊ में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की और विपक्ष को घेरा।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। मुस्लिम बहनों के लिए आरक्षण की मांग करते हैं, जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दिन विपक्ष ने महिलाओं की अपेक्षाओं में पानी फेरा है। उस दिन को उन्होंने काला दिन बना दिया। इसके विरोध में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। आने वाले समय में वोट की ताकत से भी महिलाएं विपक्ष को सबक सिखाएंगी।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था देश में चार ही जाति है। नारी, युवा, गरीब और किसान। भारत को कमजोर करने की नीयत से जिन्होंने जातिवाद के नाम पर देश को लूटा है उनके लिए ये एक चुनौती थी। इसीलिए, उन्होंने ऐसे प्रोग्रेसिव कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर ने विरोध किया है। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण को लेकर भारी आक्रोश है। कांग्रेस, सपा, आरजेडी, तृणमूल, डीएमके जैसे जो दल इस पाप में भागी थे, उनसे आधी आबादी आक्रोशित है। ये लोग सुधारवादी कदमों के बैरियर के रूप में आगे जाकर षडयंत्र करता है।



उन्होंने कहा कि महिला संगठनों ने महिला आरक्षण बिल को 2023 के बजाय 2029 में लागू करने की मांग की। सरकार विशेष अधिवेशन भी लेकर आई। कुछ राज्यों ने उनके हक को कम करने की चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री के तय किया था, किसी का हक न मारा जाए, इसलिए आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था। 2011 की जनगणना के मुताबिक उत्तर और दक्षिण के राज्यों में सीटें बढ़नी थीं। इससे नारी को उसका स्वाभाविक अधिकार मिलता। लोगों ने न जाने क्या क्या बात कही। सपा ने मुस्लिम आरक्षण की बात कही।

सीएम ने कहा कि संसद का विशेष अधिवेशन इसी बात के लिए हुआ था, राज्यों के हक का भी इस दौरान पूरा ध्यान रखा गया। सभी राज्यों में सीटें समान अनुपात में बढ़ाई गई, किसी का हक कम नहीं होना था। उत्तर के राज्य हों या दक्षिण के राज्य। सदन के अंदर इंडी गठबंधन की टिप्पणियां, द्रौपदी के चीर हरण जैसा दृश्य था। समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण के बात की, ये संविधान की दुहाई देने वाले लोग बाबा साहब की भावना के विपरीत आचरण करते हैं। संविधान बनते वक्त धर्म के आधार पर आरक्षण की बात आई तो बाबा साहब ने कहा था के एक बार विभाजन हो गया, दोबारा विभाजन नहीं हो सकता।

कांग्रेस ने नारी, युवा, किसान और गरीब के लिए कुछ अच्छा नहीं किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बताए के महिला आरक्षण से जुड़ा ये मुद्दा प्रोग्रेसिव कदम था। वो तब कहां थे जब शाह बानो प्रकरण में कांग्रेस ने पाप किया था। पीएम मोदी ने देश में ट्रिपल तलाक पर कानून बनाया तो भी इन लोगों ने विरोध किया था। आज महिलाओं के हक की दुहाई देने वालों ने देश में सबसे अधिक समय तक शासन किया, लेकिन नारी, युवा, किसान और गरीब के लिए ये कुछ अच्छा नहीं कर पाए।

सीएम ने कहा कि जो मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं। तब कहां थे जब शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस ने वह कृत्य किया था। प्रधानमंत्री ने ट्रिपल तलाक पर प्रतिबंध लगाया। उस कानून का भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने विरोध किया था। भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद ने नाम पर अपने परिवार का पोषण करने के लिए लूटने वालों के लिए यह चुनौती और चेतावनी थी। इसलिए, वे हमेशा प्रगतिवादी कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर विरोध करते रहे।

# महिला आरक्षण बिल को बड़ा सियासी मुद्दा बनाने की तैयारी में भाजपा, करेगी सम्मेलन

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** भाजपा यूपी में महिला आरक्षण बिल को बड़ा सियासी मुद्दा बनाने की तैयारी में है। इसके लिए महिलाओं का बड़ा सम्मेलन करने की तैयारी है। दिल्ली से लौटकर प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन ने सीएम योगी से मुलाकात की है। अब माना जा रहा है कि सरकार और संगठन मिलकर इस मुद्दे को सियासी तूल देंगे। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और भाजपा संगठन में बदलाव को लेकर चिंतन-मंथन के बीच अब महिला आरक्षण बिल को भाजपा बड़ा सियासी मुद्दा बनाने की तैयारी में जुट गई है। सरकार और संगठन मिलकर इस मुद्दे के सहारे अगले साल होने वाले चुनावी जमीन को मजबूत बनाएंगे।



इसी कड़ी में शनिवार को दिल्ली से लौटने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, योगी रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होकर इस मुद्दे पर बात करेंगे।

संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन बिल गिरने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस मुद्दे पर देश के नाम संबोधन के बाद अब भाजपा यूपी में भी इसे अपनी सियासी जमीन को मजबूत बनाने में जुटेगी। पीएम के संबोधन के बाद पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भी प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन ने बैठक करके आगे की रणनीति पर चर्चा की। इसका शंखनाद रविवार को ही करने का फैसला किया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरने के लिए भाजपा ने लंबी कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश भर में भाजपा संगठन और सरकार मिलकर विपक्ष को घेरने का अभियान चलाएंगे। इसमें महिलाओं को अधिकार दिए जाने को सपा, कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष के रवैये को जनता के सामने रखेंगे। खासकर अभियान के दौरान महिलाओं की भीड़ जुटाकर विपक्ष के बारे में बताया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, 21 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में महिलाओं का एक बड़ा सम्मेलन भी किया जाएगा। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा रविवार को सीएम और प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त प्रेसवार्ता में करेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहेंगी। माना जा रहा है कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन बिल का विरोध करके विपक्ष ने भाजपा के हाथ में बड़ा मुद्दा दे दिया है।

संसद में महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार की रात को देश की नारी शक्ति को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में भी पार्टी के सभी नेताओं ने पीएम के संबोधन को सुना। इसके लिए पार्टी मुख्यालय के सभागार में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी।

# अखिलेश यादव ने चाय वाले को दिए पीतल के बर्तन, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मारा था छापा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर में जिस चाय वाले के यहां पर चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने छापा मारकर दुकान बंद करने की चेतावनी दी थी। अखिलेश ने रविवार को शेषमन और उनको चाय पिलाने वाले शेषमन के पुत्र आर्यन यादव को अपने कार्यालय बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए।

अखिलेश यादव ने कहा कि आरोप हैं कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय बनाई जा रही थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मेरे घर में भी एल्युमिनियम के बर्तन हैं। मेरा घर भी सील कर दो। चाय वाले को परेशान किया जा रहा है। एक मुस्लिम नेता को आगे करके शिकायत करवाई गई है, जिससे कि केस बन सके।

अखिलेश यादव ने 20 फरवरी में एक दौरे पर जाते समय फतेहपुर में रुककर एक दुकान पर चाय पी थी, जिसकी तस्वीर उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दी थी। ये पोस्ट वायरल हो गई। इस पर अखिलेश यादव ने लिखा था कि मत डरिए, अपना काम करिए। बुरे दिन जाने वाले हैं।

इसके बाद शेषमन यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पहुंच गए और छापेमारी की। दुकान सील करने की चेतावनी दी। चाय के सैंपल लेकर भेज दिए गए हैं और रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।



फतेहपुर में चाय की दुकान चलाने वाले शेषमन ने बताया कि जब से अखिलेश भैया दुकान पर आए थे तभी से परेशान किया जा रहा है। 16 अप्रैल को फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आए और पूछा कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो? हमारा जीना मुश्किल हो गया है। हम एल्युमिनियम के बर्तन में नहीं तो क्या सोने-चांदी के बर्तन में चाय बनाएंगे।

अखिलेश यादव ने पिता-पुत्र को सपा कार्यालय में बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को परेशान कर रही है। पीड़ित है गरीब है वही पीडीए है। ये सरकार अब जाने वाली है।

# तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में धमाका, 18 लोगों की मौत; सीएम स्टालिन ने जताया दुख

**एजेंसी समाचार**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 18 लोगों की मौत और छह घायल हो गए। धमाके के समय करीब 30 कर्मचारी मौजूद थे। दमकल ने आग पर काबू पाया और बचाव कार्य जारी रहा। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुख जताकर मंत्रियों को मौके पर भेजने, राहत कार्य तेज करने और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद देने के निर्देश दिए।

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के पास कट्टानारपट्टी स्थित 'वनजा पटाखा फैक्ट्री' में रविवार को धमाके से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना पर दुख जताया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि विरुधुनगर जिले में पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में कई लोगों की मृत्यु की दुखद खबर से गहरा दुख हुआ है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

जानकारी के मुताबिक, इस फैक्ट्री का मालिकाना हक गोविंदनाल्लूर निवासी मुथु मानिकम के पास है और यह एक वैध आरडीओ लाइसेंस के तहत संचालित हो रही थी। फैक्ट्री परिसर में 30 से अधिक कमरे बने हुए हैं और यहां 50 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। रविवार को जब लगभग 30 कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे, तभी अचानक एक जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से फैक्ट्री के कम से कम चार कमरों को भारी नुकसान पहुंचा और देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी मच गई।



घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे से अधिक समय तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया, लेकिन तब तक नुकसान काफी गंभीर हो चुका था। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 से अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें से कई मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश जारी रखी।

अब तक लगभग 18 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन और पुलिस विभाग भी हरकत में आ गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीनाथ स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और पूरे मामले की गहन जांच के आदेश दिए गए हैं।

फायर और रेस्क्यू विभाग के अनुसार, अब तक कई शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी लोगों को खोजने का काम जारी है। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है कि विस्फोट कैसे हुआ। प्रारंभिक आशंका है कि विस्फोट फैक्ट्री में रखे ज्वलनशील पदार्थों के कारण हुआ हो सकता है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। इस हादसे ने एक बार फिर पटाखा फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्हें इससे गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। साथ ही प्रशासन को राहत और सहायता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन और थंगम थेन्नारासु से तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्यों में तेजी लाने और उनकी निगरानी करने तथा प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने का अनुरोध किया है।

# प्रोटोकॉल तोड़ जनता के बीच पहुंचे पीएम मोदी: दुकान पर लिया झालमुड़ी का स्वाद

**एजेंसी समाचार**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में चुनावी रैली खत्म कर लौट रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को अचानक सड़क किनारे एक झालमुड़ी की दुकान पर रुकवा दिया। पीएम मोदी ने न केवल वहां झालमुड़ी के स्वाद का लुत्फ उठाया, बल्कि दुकानदार विक्रम साह से बात भी की।

सियासी रैलियों के शोर और सुरक्षा के कड़े घेरों के बीच रविवार को पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में एक बेहद दिलचस्प तस्वीर देखने को मिली। दरअसल, एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर लौट रहे पीएम मोदी अचानक सड़क किनारे स्थित एक छोटी सी झालमुड़ी की दुकान पर रुक गए। प्रधानमंत्री का काफिला अचानक रुकते ही वहां मौजूद जनता और सुरक्षाकर्मी हैरान रह गए।

मूल रूप से बिहार के गया जिले के रहने वाले विक्रम साहू पिछले 12 वर्षों से झाड़ग्राम में अपनी दुकान सजा रहे हैं। उनके लिए यह किसी सपने जैसा था। विक्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गाड़ी से उतरकर सीधे उनकी दुकान का रुख किया और सहज भाव से कहा कि बढ़िया झालमुड़ी बनाओ। विक्रम ने मिर्च, मसाले और अचार के मेल से पीएम के लिए खास झालमुड़ी तैयार की। स्वाद चखने के बाद प्रधानमंत्री ने मुस्कराते हुए कहा, 'बढ़िया बना है।' पीएम मोदी वहां केवल स्वाद तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने दुकान के पास खड़े छोटे बच्चों को अपने पास बुलाया और उन्हें अपने हाथों से झालमुड़ी खिलाई। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय महिलाओं से भी उन्होंने मुलाकात की। अचानक देश के प्रधानमंत्री को अपने सामने पाकर भीड़ बेकाबू होने लगी और चारों तरफ 'जय श्री राम' और 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारे गूंजने लगे।






जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।